प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



बिहार में नई सरकार के गठन का फार्मूला तैयार! पेज-2

पेज-6 सड़क हादसों में दो महिलाओं समेत तीन घायल

वर्ष : 15 अंक : 93 | बुधवार 25 मार्च, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

# लखनऊ में मित्र 3.0 का शुभारंभ कर बोले सीएम योगी

## -एविएशन हब के रूप में उभर रहा यूपी, माफिया मुक्तप्रदेश बनाने पर जोर

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश ने बीते कुछ वर्षों में एयर कनेक्टिविटी, निवेश और कानून–व्यवस्था के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब प्रदेश में ढाई एयरपोर्ट ही संचालित माने जाते थे, जबकि आज उत्तर प्रदेश देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे एविएशन हब के रूप में उभर रहा है। लोकभवन में आयोजित निवेश मित्र सम्मेलन में उन्होने बताया कि पहले केवल लखनऊ और वाराणसी के एयरपोर्ट पूरी तरह सक्रिय थे, जबकि गोरखपुर और आगरा में सीमित और अनियमित उड़ानें संचालित होती थीं। लेकिन वर्तमान में प्रदेश में



16 घरेलू और 4 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जेवर में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जल्द ही देश का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनने जा रहा है, जिसका उद्घाटन 28 मार्च को प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट को देश का सबसे बड़ा कार्गो और लॉजिस्टिक हब विकसित किया जा रहा है। यहां एयरक्राफ्ट मेंटिनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉलिंग की आधुनिक सुविधा भी स्थापित की जा रही है, जो भारत में पहली बार इस स्तर पर देखने को मिलेगी। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक निवेश के माहौल में आए बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले निवेशकों में उत्तर प्रदेश को लेकर झिझक थी। उन्होंने कहा कि उस समय निवेश के लिए आमंत्रित करने पर कई उद्योगपति प्रदेश आने से कतराते थे, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है और यूपी निवेश का आकर्षक केंद्र बन गया है। उन्होंने प्रदेश में कानून–व्यवस्था सुधार को इस बदलाव का प्रमुख कारण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले माफिया गिरोहों के कारण समानांतर सत्ता चलती थी, जिससे आम नागरिक, व्यापारी और महिलाओं की सुरक्षा प्रभावित होती थी। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने माफिया के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई और उसे पूरी सख्ती से लागू किया। आज भी यह नीति जारी है। कोई भी अपराधी या माफिया, चाहे वह किसी का भी संरक्षण प्राप्त हो, अगर वह कानून तोड़ेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि बेहतर कानून–व्यवस्था, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश अनुकूल नीतियों के चलते उत्तर प्रदेश आने वाले समय में देश की आर्थिक वृद्धि का प्रमुख इंजन बनेगा।

# दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी, सीएम रेखा गुप्ता के बजट भाषण से पहले सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में मंगलवार सुबह हाई अलर्ट की स्थिति बन गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा बजट पेश किए जाने से ठीक पहले विधानसभा और स्पीकर विजेंद्र गुप्ता को बम धमाके की गंभीर धमकी भरे दो ईमेल प्राप्त हुए हैं। धमकी वाले ईमेल सुबह 7रू28 बजे और 7.49 बजे भेजे गए।




इनमें दिल्ली विधानसभा परिसर के साथ–साथ विधानसभा मेट्रो स्टेशन को निशाना बनाने की चेतावनी दी गई है। ईमेल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर समेत कई प्रमुख नेताओं का भी जिक्र किया गया है। धमकी मिलते ही दिल्ली पुलिस, खुफिया एजेंसियां और अन्य सुरक्षा बल तुरंत सक्रिय हो गए। विधानसभा परिसर और आसपास के इलाकों में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। स्पीकर के कक्ष की भी गहन जांच की जा रही है। एहतियात के तौर पर विधानसभा की कार्यवाही को सुबह 11.30 बजे तक स्थगित कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियां पूरे मामले को बेहद गंभीरता से ले रही हैं और ईमेल की तकनीकी जांच के साथ–साथ धमकी की पृष्ठभूमि की भी पड़ताल कर रही हैं। फिलहाल परिसर को पूरी तरह सुरक्षित कर लिया गया है। यह घटना दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नई चिंता पैदा कर रही है। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# बीजेपी के बिल पर राहुल गांधी का कड़ा विरोध

## -कहा- ट्रांसजेंडर पहचान छीनने की हो रही कोशिश

(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलार को कहा कि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों से संबंधित



विधेयक ट्रांसजेंडर लोगों के संवैधानिक अधिकारों एवं पहचान पर सीधा हमला है, जिसका कांग्रेस पुरजोर विरोध करेगी। ट्रांसजेंडर समुदायों के कुछ लोगों ने मंगलवार को राहुल गांधी से मुलाकात की और अपनी चिंता से उन्हें अवगत कराया। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, भाजपा सरकार का ट्रांसजेंडर व्यक्ति संशोधन विधेयक ट्रांसजेंडर लोगों के संवैधानिक अधिकारों और पहचान पर एक खुला हमला है। उन्होंने दावा किया कि यह प्रतिगामी विधेयक सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन करते हुए, ट्रांसजेंडर लोगों की खुद को पहचानने की क्षमता छीनता है, पूरे भारत में समुदायों की विविध सांस्कृतिक पहचान को मिटाता है, ट्रांसजेंडर लोगों को मेडिकल बोर्ड द्वारा अमानवीय परीक्षाओं से गुजरने के लिए मजबूर करता है, सुरक्षा उपायों के बिना आपराधिक दंड और निगरानी का प्रावधान करता है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने इस समुदाय से परामर्श नहीं किया और एक विधेयक लाया गया जो उनकी रक्षा करने के बजाय उन्हें कलंकित करता है। राहुल गांधी ने कहा, संविधान प्रत्येक भारतीय के जीवन, स्वतंत्रता, पहचान और सम्मान के अधिकार की रक्षा करता है। यह भाजपा सरकार हमारे संविधान का उल्लंघन कर रही है और अपने संकीर्ण विचारों के चलते ट्रांसजेंडर समुदायों को सम्मान देने के भारत के समृद्ध इतिहास को नष्ट कर रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस पार्टी इस विधेयक का स्पष्ट रूप से विरोध करती है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने बीते 13 मार्च को ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक संसद में पेश किया था। विधेयक में कहा गया है कि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की सही और सुनिश्चित पहचान करना और उनकी सुरक्षा के लिए एक उपयुक्त परिभाषा देना जरूरी है ताकि उन्हें मौजूदा कानून का फायदा मिल सके।

# राज्यसभा में बोले पीएम मोदी

## गरीबों, श्रमिकों व प्रवासियों के हित में कदम उठायें राज्य

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम एशिया के हालात पर राज्यसभा को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट से भारत में स्थिति चिंताजनक है। हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। गैस–तेल जैसे जरूरी सामान की सप्लाई प्रभावित हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि खाड़ी के देशों में बसे भारतीयों की सुरक्षा और आजीविका सरकार के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है तथा भारत संवाद एवं कूटनीति के माध्यम से क्षेत्र में शांति बहाली चाहता है। प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और इसके कारण भारत के सामने आई चुनौतियों पर राज्यसभा में वक्तव्य देते हुए कहा कि तीन सप्ताह से अधिक समय हो चुका है तथा इस युद्ध ने विश्व में गंभीर ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए भी यह स्थिति चिंताजनक है। इस युद्ध से हमारे व्यापार के



रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। इससे पेट्रोल, डीजल, गैस और उर्वरक जैसे जरूरी सामान की नियमित आपूर्ति प्रभावित हो रही है। मोदी ने कहा कि उन्होंने युद्ध की शुरुआत के बाद से पश्चिम एशिया के ज्यादातर देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ दो दौर में फोन पर बात की है। हम खाड़ी के सभी देशों के साथ लगातार संपर्क में हैं। हम ईरान, इजराइल और अमेरिका के साथ भी संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य संवाद और कूटनीति के माध्यम से क्षेत्र में शांति की बहाली का है। हमने संघर्ष को कम करने और होर्मुज मार्ग को खोलने के बारे में भी बातचीत की है। मोदी ने कहा कि खाड़ी के देशों में करीब एक करोड़ भारतीय रहते हैं, वहां काम करते हैं। उन्होंने कहा कि उनका जीवन एवं आजीविका भारत के लिए बहुत बड़ी चिंता का कारण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में दुनिया के कई जहाज फंसे हुए हैं। उनमें भारतीय चालक दल की संख्या भी बहुत अधिक है तथा यह भी भारत की एक बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसी विकट परिस्थिति में आवश्यक है कि भारत की संसद के इस उच्च सदन से शांति एवं संवाद की एकजुट आवाज पूरे विश्व में जाए। पीएम मोदी ने सदन में कहा, बीते 11 वर्षों में निरंतर निर्णय लिए गए हैं. एनर्जी इंपोर्ट का विकेंद्रीकरण ऐसे ही प्रयासों का हिस्सा है। पहले 27 देशों से एनर्जी इंपोर्ट होता था, आज 41 देशों से एनर्जी इंपोर्ट कर रहा है भारत। हमारी तेल कंपनियां संकट के समय के लिए काफी मात्रा में पेट्रोल और डीजल का भंडार रखती हैं। इस युद्ध से व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। गैस, फर्टिलाइजर जैसी जरूरी चीजों की सप्लाई प्रभावित हो रही है। गल्फ देशों में एक करोड़ से ज्यादा भारतीय लोग रहते हैं। उनकी सुरक्षा भी भारत के लिए बहुत बड़ी चिंता है। होर्मुज स्ट्रेट में बहुत सारे जहाज फंसे हैं, इसमें बड़ी संख्या में भारतीय क्रू मेंबर्स हैं। पीएम मोदी ने कहा, भारत ने इस समस्या के समाधान के लिए संवाद का ही रास्ता सुझाया है। युद्ध में किसी के भी जीवन में संकट मानवता के हक में नहीं है। भारत का सतत प्रयास सभी पक्षों को शांति पूर्ण समाधान के लिए प्रोत्साहित करने का है।

# मंत्री हो या संतरी सब एक समान, कानून करेगा अपना काम, पूर्व मंत्री भुल्लर की गिरफ्तारी पर बोले सीएम भगवंत मान

(एजेंसी) चंडीगढ़। पंजाब वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के जिला मैनेजर (डीएम) गगनदीप सिंह रंधावा की आत्महत्या के मामले में पंजाब पुलिस ने सोमवार (23 मार्च 2026) को पूर्व परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर को फतेहगढ़ साहिब के मंडी गोबिंदगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस घटना पर दुख जताते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट किया है कि उनकी सरकार भ्रष्टाचार और प्रताड़ना पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और राज्य में किसी भी अधिकारी के साथ ज्यादती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सीएम भगवंत मान ने गगनदीप सिंह रंधावा की मौत पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए अपना पक्ष विस्तार से रखा। उन्होंने कहा, जिला मैनेजर की आत्महत्या का मामला मेरे संज्ञान में आया है। आत्महत्या के पीछे के वास्तविक कारण जांच का विषय हैं। जांच प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने पर जोर देते हुए मान ने बताया कि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए ही उन्होंने जांच शुरू होने से पहले मंत्री से इस्तीफा ले लिया था, ताकि कोई भी पद का दुरुपयोग कर जांच को प्रभावित न कर सके या किसी पर दबाव न डाल सके।



सीएम मान ने सख्त लहजे में कहा कि ऐसा कोई भी काम जिससे किसी की जान जाए, उसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, हमने इस उद्देश्य के लिए राजनीति में प्रवेश नहीं किया या पार्टियां नहीं बनाईं। किसी भी अधिकारी को इतना प्रताड़ित या मजबूर नहीं किया जाना चाहिए कि वह हार मानकर अपनी जान दे दे। इस मामले की निष्पक्ष जांच की जिम्मेदारी पंजाब के मुख्य सचिव (केएपी सिन्हा) को सौंपी गई है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही सीएम ने विपक्ष की सीबीआई जांच की मांग को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि श्पंजाब सरकार और हमारी पुलिस इस मामले की जांच के लिए पूरी तरह सक्षम है। ज्ञात हो कि डीएम गगनदीप सिंह रंधावा ने शनिवार (21 मार्च) को कथित तौर पर पूर्व मंत्री भुल्लर के दबाव और प्रताड़ना से तंग आकर जहर (सल्फास) खा लिया था। मौत से पहले रंधावा ने 12 सेकंड का एक वीडियो जारी कर भुल्लर पर प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए थे। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी उपिंदर कौर और परिजनों ने 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि जब तक भुल्लर की गिरफ्तारी नहीं होती, वे शव का न तो पोस्टमार्टम कराएंगे और न ही अंतिम संस्कार करेंगे। परिजनों का दबाव बढ़ता देख पुलिस ने सोमवार को भुल्लर को गिरफ्तार कर अमृतसर स्थित सीआईए स्टाफ पहुंचा दिया। मृतक की पत्नी की शिकायत पर अमृतसर के रंजीत एवेन्यू थाने में लालजीत भुल्लर, उनके पिता सुखदेव सिंह और निजी सहायक (पीए) दिलबाग सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह एफआईआर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना), 351 (3) (आपराधिक धमकी) और 3 (5) के तहत दर्ज की गई है। आरोप है कि भुल्लर और उनके साथी डीएम रंधावा पर एक वेयरहाउस का टेंडर अपने पिता सुखदेव सिंह के नाम पर जारी करने का भारी दबाव बना रहे थे। बात न मानने पर उन्हें व परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां दी जा रही थीं।

# विदेश नीति को लेकर राहुल गांधी का केंद्र पर बड़ा हमला, मोदी सरकार पर गंभीर आरोप

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने देश की विदेश नीति को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि यह अब व्यक्तिगत विदेश नीति बनकर रह गई है। राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा कि मौजूदा हालात में भारत की विदेश नीति कमजोर दिखाई दे रही है और वैश्विक स्तर पर इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय नेता भी समझते हैं कि भारत के प्रधानमंत्री की सीमाएं क्या हैं। उनके अनुसार, यदि नेतृत्व पर सवाल खड़े होते हैं तो उसका सीधा असर देश की विदेश नीति पर पड़ता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संसद में प्रधानमंत्री का हालिया भाषण प्रभावी नहीं था और इससे देश की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई। राहुल गांधी ने बढ़ती महंगाई, खासकर एलपीजी और पेट्रोल की कीमतों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इसका बोझ आम जनता को उठाना पड़ रहा है। राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा कि वर्तमान समय में भारत की विदेश नीति "बवउचतवउपेमक" हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने में सक्षम नहीं हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ देशों के प्रभाव में काम कर रहे हैं।




उनके अनुसार, इससे देश के हितों को नुकसान पहुंच रहा है और भारत की वैश्विक छवि पर भी असर पड़ सकता है। देश की विदेश नीति आज बवउचतवउपेमक है, क्योंकि च्ड मोदी खुद बवउचतवउपेमक हैं। मोदी सिर्फ वही करते हैं जो अमेरिका और इजराइल उनसे करवाना चाहते हैं। इस बयान के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। सत्ताधारी दल ने राहुल गांधी के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज किया है। सरकार का कहना है कि भारत आज वैश्विक मंच पर मजबूत स्थिति में है और उसकी विदेश नीति पूरी तरह स्वतंत्र और राष्ट्रीय हितों पर आधारित है। मध्य एशिया में जारी तनाव का असर भारत पर भी देखने को मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दिन पहले ही कहा है कि हमें भी तैयार रहने की जरूरत है। वहीं अब सूत्रों का कहना है कि सरकार ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। जानकारी के मुताबिक बुधवार को शाम पांच बजे सर्वदलीय बैठक होगी। इस बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि केरल में मेरा कार्यक्रम है, मैं बैठक में शामिल नहीं हो पाऊंगा। सर्वदलीय बैठक होनी चाहिए थी, लेकिन ढांचागत रूप से एक बड़ी गलती हो गई है। इसे सुधारा नहीं जा सकता, खासकर प्रधानमंत्री तो नहीं। वह अमेरिका के इशारों पर चलेंगे और किसानों और देश के हित में काम नहीं करेंगे। वह अमेरिका और इजरायल के इशारों पर चलेंगे।

# सम्पादकीय

## केसी त्यागी ने जद यू को कहा अलविदा

अपनी राजनीति से अपने राजनीतिक पारी के दौरान हमेशा राजनीतिक पंड़ितों से लेकर अपने समर्थकों को चौकाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार छोड़ राष्ट्रीय राजनीति करने के लिए जब राज्यसभा जाने का फैसला किया तो एक बार फिर सारा देश चौक गया। वैसे सारा देश चौका उस वक्त भी कि जब जनता दल यू के संस्थापक सदस्य रहे केसी त्यागी के मामले में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दोहरा रवैया अपनाया। बहरहाल जनता दल यनाइटेड के दिग्गज नेता रहे केसी त्यागी अब राष्ट्रीय लोक दल ज्वाइन कर लिया है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि आरएलडी के अध्यक्ष जयंत चौधरी की मौजूदगी में केसी त्यागी ने पार्टी का दामन थाम लिया है। हालांकि एक तरह से वह एनडीए का ही हिस्सा रहेंगे क्योंकि आरएलडी राजग गठबंधन का ही हिस्सा है। जहां तक जनता दल यू के वरिष्ठ राजनेता रहे केसी त्यागी का सवाल है तो उन्होंने सबको चौंकाते हुए जदयू का दामन छोड़ राष्ट्रीय लोक दल ज्वाइन कर लिया। जैसा कि उल्लेखनीय है कि केसी त्यागी आरएलडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की अध्यक्षता में पार्टी में शामिल हुए हैं। इस मौके पर केसी त्यागी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने बहुत कम उम्र में मुझे हापुड़ से चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया था। उन्होंने मुझे पैसा भी दिया था। इस दौरान केसी त्यागी ने आगे कहा कि मैं अब एमपी और एमएलए बनने के लिए नहीं, बल्कि जयंत चौधरी को चौधरी चरण सिंह की तरह देखने राजद में आया हूं। 1974 में 52 साल पहले चरण सिंह जब राष्ट्रीय लोकदल बना रहे थे, मैं उस मंच पर विराजमान था। इससे एक दिन पहले ही यह खबर आ गई थी केसी त्यागी रालोद में अपनी नई पारी की शुरुआत करने वाले हैं। यहां यह बताते चलें कि राष्ट्रीय लोकदल यानी आरएलडी ने केसी त्यागी को पार्टी में शामिल होने का न्यौता दिया था। पिछले हते जब केसी त्यागी की लिखे एक किताब का विमोचन हुआ तो जयंत चौधरी ही उसमें मुख्य अतिथि थे। तब जयंत चौधरी ने कहा था कि हर पार्टी को केसी त्यागी जैसे नेताओं की जरूरत होती है। जबकि वहीं इससे पूर्व नीतीश कुमार के पुराने साथी और पुराने समाजवादी नेता .ष्ण चंद्र त्यागी (के सी त्यागी) ने जनता दल यूनाईटेड के साथ अपनी सदस्यता का नवीनीकरण नहीं कराया था। कहने का मतलब है के सी त्यागी अब जदयू के सदस्य नहीं रहे थे। ये वही के सी त्यागी हैं जिन्होंने जार्ज फर्नांडीज,शरद यादव,नीतीश कुमार और बांका वाले दिग्विजय सिंह के साथ मिलकर जदयू की नींव रखी थी। तब जार्ज फर्नांडिस अध्यक्ष बने,के सी त्यागी मुख्य महासचिव,शरद यादव संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष और दिग्विजय सिंह महासचिव थे। आज वही के सी त्यागी ने जदयू से नाता तोड़ लिया। के सी त्यागी से मीडिया से खास बातचीत में कहा कि वे नीतीश कुमार को 1974 से जानते हैं। उन्होंने कहा की मीसा के दौरान वो जेल में भी साथ रहे,यही नहीं राजीव गांधी के दौरान क्यूबा में एक यूथ फेस्टिवल हुआ था। उसमें नीतीश कुमार और के सी त्यागी एक ही कमरे में 18 दिन रूके थे। के सी त्यागी का कहना है कि जेडीयू अब बदल गई है,जिनके साथ मिलकर उन्होंने जदयू बनाया था उन्हीं से अब बातचीत नहीं हो पाती है,अपनी बात किसके कहूं। त्यागी जी को लगता है कि अब वैचारिक तौर पर जदयू में उनकी जगह नहीं है क्योंकि वो अपनी बात ईमानदारी से कहते रहे हैं और कहते रहेंगे। के सी त्यागी 1989—1991 यानि नौवीं लोकसभा में हापुड़ से सांसद रहे। फिर 2013 से 2016 तक राज्यसभा का सदस्य रहे और इस पर के सी त्यागी का कहना है कि नीतीश कुमार ने उस वक्त उन्हें पटना बुलाया था,खाना खिलाया था और राज्यसभा भेजा था। मगर क्या इस बार वो राज्यसभा जाना चाहते थे के जवाब में के सी त्यागी का कहना है कि नहीं कभी नहीं,मैंने टिकट मांगा ही नहीं था और जब नीतीश कुमार और रामनाथ ठाकुर लड़ने वाले थे तो मेरा मांगने का सवाल ही उठता है।


नफीस जाफरी

## गैस संकट के अभी शुरुआती दिन

पश्चिम एशिया में युद्ध लंबा खिंचा (जिसकी पूरी संभावना है) और होरमुज जलडमरुमध्य का मार्ग बंद रहा, तो आने वाले दिनों में नोटबंदी या कोरोना काल जैसे परिमाण के संकट का सामना देश को करना पड़ सकता है। रसोई गैस के लिए हाहाकार मच गया है। जगह—जगह से सिलिंडर भरवाने के लिए गैस एजेंसियों के सामने लंबी कतारों की खबरें मिल रही हैं। ये हाल तब है, जबकि सरकार ने एलपीजी की 80—85 फीसदी सप्लाई औद्योगिक क्षेत्र से घरेलू उपयोग के लिए भेजने का निर्णय लिया है। कॉमर्शियल उपयोग के लिए गैस की सप्लाई काफी हद तक बाधित हो चुकी है। गौरतलब है कि अभी संकट के शुरुआती दिन हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध लंबा खिंचा (जिसकी पूरी संभावना है) और होरमुज जलडमरुमध्य का मार्ग बंद रहा, तो आने वाले दिनों में नोटबंदी या कोरोना काल जैसे परिमाण के संकट का सामना देश को करना पड़ सकता है। अब यह सामने आया है कि चूंकि गैस का भंडारण मंहगा पड़ता है, इसलिए भारत ने खुद को लगातार सप्लाई पर ही निर्भर बनाए रखा। अब चूंकि मुश्किल आ खड़ी हुई है, तो सरकार आपातकालीन निर्णय लेने को मजूबर है। उसने ऐसे लिए हैं, जिनसे घरेल उपभोक्ताओं को अधिकतम राहत मिल सके। यह सही, मगर समस्याग्रस्त प्राथमिकता है। आखिर श्रमिक वर्ग के लोग फैक्टरियों या कार्यस्थलों पर कैंटीन या ढाबों में भोजन करते हैं। लाइन होटल ट्रक एवं बस ड्राइवरों और अन्य लंबी दूरी के यात्रियों के खाना खाने की जगहें हैं। फिर अनगिनत लोग रोज कामकाज के सिलसिले में यात्राओं पर जाते हैं, जो रेस्तरां या होटलों में ही भोजन करते हैं। फिलहाल स्थिति यह है कि अनेक शहरों से रेस्तरां और होटलों में मेनू की कटौती हो रही है और कुछ रोज में उनके बंद हो जाने की चेतावनी दी गई है। रेस्तरां और क्लाउड किचन पर लाखों कर्मचारी एवं होम फूड डिलीवरी से जुड़े गिग वर्कर निर्भर हैं। उधर औद्योगिक गैस की कटौती से कल—कारखाने बंद हुए, तो उसका असर लाखों नौकरीशुदा लोगों पर पड़ेगा। उत्पादन, वितरण, एवं उपभोग में गिरावट से अर्थव्यवस्था पर होने वाला दूरगामी असर अलग है। तो कुल मिलाकर देश एक बड़ी मुश्किल में फंसता नजर आ रहा है। इसके मद्देनजर क्या यह कहना काफी होगा कि युद्ध होता है, तो दिक्कत होती है? या एहतियाती कदम ना उठाने के लिए किसी की जवाबदेही तय होगी?

# बिहार में नई सरकार के गठन का फ़ार्मूला तैयार!


गुलफिशा खान

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फिर से एक बार जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। इस मौके पर जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि नीतीश कुमार पार्टी के निर्माता है और इस पार्टी को उन्होंने ही बनाया है। साथ ही वह बिहार के विकास के भी निर्माता है। अब नीतीश कुमार दिल्ली जा रहे हैं लेकिन 20 साल तक उन्होंने बिहार के गौरव विकास को बनाया है और उनका मार्गदर्शन पार्टी को हमेशा बनेगा रहेगा, वह हम सभी के अभिभावक है, उनका निर्णय पार्टी को सर्वमान्य होगा। वह पार्टी के अभिभावक के रूप में पार्टी को मार्ग दर्शन देते रहेंगे। वहीं इससे पूर्व नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने अब जेडीयू ज्वॉइन कर ली है और वो भी अपने राजनीतिक सफर के लिए काफी सक्रिय दिखने लगे हैं। निशांत के चेहरे पर पार्टी को विश्वास है और बहुत जल्द बिहार को एक अच्छा नेता निशांत के रूप में मिलने वाला है। निशांत बिहार को और पार्टी को अच्छे से समझते हैं। निशांत पूरी पार्टी को साथ लेकर चल रहे हैं उनके आने से पार्टी में भी मजबूती आई है। कार्यकर्ता भी काफ़ी ज्यादा उत्साहित है। वहीं अब बात बिहार में गठित होने वाली नई सरकार की तो मालूम हो कि बिहार में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। गौरतलब है कि नीतीश कुमार के राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद अब भाजपा अपना नया मुख्यमंत्री बनाएगी। 10 अप्रैल से नीतीश कुमार का राज्यसभा का



कार्यकाल शुरू होगा। इससे पहले ही वो मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे देंगे। नीतीश कुमार इसके साथ ही विधान परिषद की सदस्यता से भी इस्तीफा दे देंगे। गौरतलब है कि इस वक्त नीतीश समृद्धि यात्रा पर निकले हुए हैं। जेडीयू सूत्रों के अनुसार नीतीश कुमार मोदी सरकार में मंत्री नहीं बनेंगे, वे केवल राज्य सभा के सदस्य ही रहेंगे। इस बीच भाजपा और जेडीयू के बीच नई सरकार के गठन को लेकर सहमति बन गई है। अब तक छोटे भाई की भूमिका निभा रही भाजपा अब बिहार में बड़े भाई की भूमिका में आ जाएगी। सूत्रों के अनुसार जिस जगह आज भाजपा है, वहां जेडीयू और जहां आज जेडीयू है, वहां भाजपा — यह फार्मूला बना है। यानी अभी जेडीयू का मुख्यमंत्री और भाजपा के दो उप मुख्यमंत्री हैं। इसके बाद भाजपा का अपना मुख्यमंत्री होगा और जेडीयू के दो उप मुख्यमंत्री बनेंगे। अभी के फार्मूले के अनुसार भाजपा के 2 उप मुख्यमंत्री और 16 मंत्री हैं, जबकि जेडीयू का मुख्यमंत्री और 15 मंत्री हैं। अन्य सहयोगी दलों एलजेपी (रामविलास) के दो और आरएलपी और हम के एक—एक मंत्री. साढ़े चार—पांच विधानसभा सीटों पर एक मंत्री पद का फ़ार्मूला है। वहीं नए फार्मूले के तहत भाजपा का मुख्यमंत्री और 15 मंत्री, जबकि जेडीयू के दो उप मुख्यमंत्री और 16 मंत्री होंगे। विधानसभा सभा में भाजपा का स्पीकर बना रहेगा, जबकि विधान परिषद में जेडीयू का अध्यक्ष बन सकता है। गृह मंत्रालय भाजपा के पास ही रहेगा। सहयोगी दलों को पहले की तरह प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। जेडीयू सूत्रों के अनुसार नीतीश कुमार केंद्र में मंत्री नहीं बनेंगे, वे जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन रहेंगे। इसके बाद नए सिरे से उनकी टीम का गठन होगा। जेडीयू अन्य राज्यों में विस्तार की योजना प्रस्ताव करती रहेगी। नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार नई सरकार में उप मुख्यमंत्री की ज़िम्मेदारी संभालेंगे, जबकि एक अन्य वरिष्ठ नेता को दूसरा उप मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। जेडीयू सूत्रों के अनुसार नीतीश कुमार बिहार सरकार को अपना मार्गदर्शन देते रहेंगे। राज्य में भाजपा के साथ मिल कर विधानसभा चुनाव में किए गए वादों को पूरा किया जाएगा। साथ ही 2029 के लोक सभा चुनाव और 2030 विधानसभा चुनाव की तैयारी की जाएगी।

# बंगाल विधानसभा चुनाव-''दीदी'' एक बार मुस्लिम भरोसे


फरीद वारसी

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे "दीदी के 10 संकल्प" का नाम दिया है। पार्टी ने इसे जनता—केंद्रित रोडमैप बताते हुए कहा कि यह घोषणापत्र बंगाल की पहचान, कल्याणकारी योजनाओं और केंद्र के कथित हस्तक्षेप के खिलाफ राज्य के अधिकारों की रक्षा पर आधारित है। इस बार के घोषणापत्र में कई पुराने वादों को जारी रखने के साथ नए वादे भी जोड़े गए हैं। खास बात यह है कि 2021 के विधानसभा घोषणापत्र और 2024 के लोकसभा घोषणापत्र में किए गए वादों से कई योजनाओं की सीधी तुलना भी सामने आ रही है, जिसमें खर्च और फंड का बोझ भी बढ़ता दिख रहा है। तो वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अगुवाई वाली तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की 291 सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। उसने करीब 18 फीसदी यानी 47 सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी चुनाव में उतारे हैं। जबकि भाजपा ने अभी तक बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की दो सूची जारी की हैं, इसमें एक भी मुस्लिम उम्मीदवार नहीं है। जबकि मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की नींव रखने वाले पूर्व टीएमसी नेता हुमांयू कबीर ने 182 सीटों में से 100 से ज्यादा सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार देने का ऐलान किया है। हुमायूं कबीर ने असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुसलमीन से गठबंधन भी किया है और उसे आठ सीटें दी हैं। अगर बंगाल में प्रमुख विपक्षी दल भाजपा की बात करें तो मालूम हो कि भाजपा ने कुल 255 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। 16 मार्च को पहली सूची में सुवेंदु अधिकारी समेत 144 प्रत्याशियों की घोषणा हुई। जबकि 19 मार्च को दूसरी सूची में रूपा गांगुली, निशीथ प्रमाणिक और रेखा पात्रा जैसे नाम है। बंगाल में मुस्लिम वोटर्स कितने हैं, अगर इसकी बात की जाए तो बंगाल विधानसभा चुनाव में मुस्लिम आबादी एक निर्णायक वोट बैंक है। बंगाल की कुल 294 सीटों में से लगभग 100 से 110 सीटों पर मुस्लिम मतदाता जीत हार तय करते हैं। पिछले तीन बार से तृणमूल कांग्रेस बंगाल में धमाकेदार जीत दर्ज कर चुकी है और मुस्लिम वोटरों का करीब एकतरफा झुकाव टीएमसी की ओर रहा है। यही वजह है कि लेट और कांग्रेस और इंडियन सेकुलर फ्रंट जैसे दलों को चुनाव में एक भी सीट हासिल नहीं हो सकी। ममता बनर्जी की पार्टी ने 2012 में कांग्रेस से गठबंधन के दौरान 38 मुस्लिम प्रत्याशी दिए थे। जबकि 2017 में उसने 57 टिकट दिए, जो संख्या 2022 में घटकर 42 पर आ गई। इस बार पार्टी ने 47 मुस्लिम उतारे हैं। तृणमूल



ने इस बार कई मुस्लिम बहुल सीटों पर भी हिन्दू उम्मीदवार उतारे हैं। पश्चिम बंगाल की मुस्लिम आबादी में 90 प्रतिशत बंगाली भाषी मुस्लिम हैं, जो मुख्तया ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। जबकि लगभग 10: उर्दू भाषी मुस्लिम हैं, जो कोलकाता, आसनसोल और इस्लामपुर जैसे शहरी क्षेत्रों में बसते हैं। ममता बनर्जी की पार्टी बंगाल की 294 में से 291 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है। उसने 3 सीट भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक मोर्चा को दी हैं। ममता बनर्जी भवानीपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। उनके खिलाफ शुभेंदु अधिकारी इस सीट से ताल ठोकेंगे। बंगाल चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के 291 प्रत्याशियों में से 52 महिलाएं, 95 एससी—एसटी और 47 मुस्लिम हैं। बंगाल में मुस्लिम आबादी करीब 27 फीसदी है। जनगणना 2011 के अनुसार, बंगाल की कुल आबादी करीब 9. 13 करोड़ है, जिसमें मुस्लिम आबादी 2.5 करोड़ के करीब है। चुनावी विश्लेषकों के अनुसार 2026 तक बंगाल में मुस्लिम आबादी बढ़कर 28 से 30 प्रतिशत के बीच पहुंच गई है। बंगाल की अब आबादी 10.5 करोड़ से ज्यादा है, जिसमें मुस्लिम जनसंख्या 3 करोड़ से अधिक हो सकती है। मुर्शिदाबाद की भरतपुर विधानसभा सीट से टीएमसी ने मुस्तफिजुर रहमान को टिकट दिया है। तृणमूल कांग्रेस छोड़कर आम जनता उन्नयन पार्टी बनाने वाले हुमायूं करीब यहां से विधायक रहे हैं। हालांकि कबीर इस बार कबीर भरतपुर की बजाय मुर्शिदाबाद की रेजिनगर और नाओदा सीट से लड़ रहे हैं। हुमायूं करीब ने कांदी से कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम के पूर्व दामाद यासीन हैदर, बेलडांगा से सैयद अहमद कबीर जैसे दिग्गजों को प्रत्याशी बनाया है। मालदा की रतुआ सीट से रायल इस्लाम, बैष्णवनगर से मुस्कुरा बीबी, मालतीपुर से अब्दुल मिनाज शेख, मानिकचक से अबू सैद और सुजापुर से नसीमुल हक चुनाव लड़ रहे हैं। बेहाला पूर्व से अनुपम रोहदागीर, भरतपुर से सैयद खुबैब अमीन, फरक्का से इम्तियाज मोल्ला और हरिहरपारा से बिजय शेख मैदान में होंगे।

# हुमायु कबीर-ओवेसी के गठबंधन से क्या टीएमसी कमजोर साबित होगी

सौरभ वार्ष्णेय

पश्चिम बंगाल की राजनीति में नए समीकरण बनने की आहट अक्सर सियासी बहस को तेज कर देती है। हाल के दिनों में हुमायु कबीर और ऑल इंडिया मजलिस—ए—इत्तेहादुल मुस्लिमीन के संभावित गठबंधन की चर्चा इसी संदर्भ में देखी जा रही है। सवाल यह है कि क्या इससे तृणमूल कांग्रेस कमजोर होगी? जबकि ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) की पकड़ बहुत मजबूत है। गांव—गांव ममता की की छवि प्रभावशील नेता के रूप में विख्यात है। ममता दीदी के नाम से सब जगह उन्हें प्यार दुलार के रूप में देखा जाता है। ममता को कम आंकना बेइमानी होगी। वहीं भाजपा को अन्य राज्यों में हुए चुनाव में समीकरण देखने से पता चता है कि आवेसी की पार्टी ने कुछ हद तक प्रभाव डाला है। अब ऐसे में ममता की तीसरी पारी कैसी होगी यह समय के गर्त में है। पश्चिम बंगाल का चुनाव ऐसे समय हो रहा है जहां विश्व में कई देश में युद्व की आग में झुके हुए हैं। जिससे पूरे विश्व में चीजें अवरुद्व हो रही है। ऐसे ही युद्व चलता रहा तो निश्चित ही महंगाई भी चरम सीमा पर होगी। अगर देखा जाये तो वोट बैंक की राजनीति और प्रभावित होगी। पश्चिम बंगाल में मुस्लिम वोट बैंक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो अब तक बड़े पैमाने पर टीएमसी के साथ रहा है। ऑल इंडिया मजलिस—ए—इत्तेहादुल मुस्लिमीन की रणनीति आमतौर पर इसी वोट बैंक में सेंध लगाने की रही है, जैसा कि उसने बिहार और अन्य राज्यों में करने की कोशिश की। यदि हुमायु कबीर जैसे स्थानीय प्रभाव वाले नेता ऑल इंडिया मजलिस—ए—इत्तेहादुल मुस्लिमीन के साथ आते हैं, तो कुछ इलाकों में वोटों का बंटवारा संभव है। हालांकि, यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि इससे टीएमसी को बड़ा नुकसान होगा। इसके पीछे कुछ कारण हैं संगठनात्मक मजबूती ममता बनर्जी के नेतृत्व में जमीनी नेटवर्क काफी मजबूत है। स्थानीय बनाम बाहरी छवि बंगाल की राजनीति में बाहरी बनाम स्थानीय का मुद्दा अहम रहता है, और ओवेसी की पार्टी को अक्सर बाहरी पार्टी के रूप में देखा जाता है। वोट ट्रांसफर की चुनौतीरू गठबंधन बनने के बावजूद वोटों का पूरी तरह ट्रांसफर होना आसान नहीं होता। किन क्षेत्रों में असर संभव? सीमावर्ती जिलों और मुस्लिम बहुल सीटोंकृजैसे मुर्शिदाबाद, मालदा, उत्तर दिनाजपुरकृमें इसका कुछ असर दिख सकता है। लेकिन यह असर अधिकतर ञ्जरूष्ट को हराने की बजाय विपक्षी वोटों के और बिखराव के रूप में सामने आ सकता है। दिलचस्प बात यह है कि इस तरह के गठबंधन का अप्रत्यक्ष फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिल सकता है। यदि विपक्षी वोट बंटते हैं, तो त्रिकोणीय मुकाबले में भाजपा को बढ़त मिल सकती है। हुमायु कबीर गठबंधन के लिए स्थानीय स्तर पर चुनौती जरूर खड़ी कर सकता है, लेकिन इसे टीएमसी की व्यापक कमजोरी के रूप में देखना अभी उचित नहीं होगा। यह ज्यादा संभावना है कि इससे विपक्षी खेमे में वोटों का विभाजन बढ़े, जिसका लाभ किसी तीसरे पक्ष को मिल सकता है। कुल मिलाकर, यह गठबंधन बंगाल की राजनीति में हलचल तो पैदा करेगा, लेकिन टीएमसी की जड़ों को हिलाने के लिए अभी और मजबूत, व्यापक और संगठित चुनौती की जरूरत है। ममता का संघर्ष, सादगी और सियासत की मिसाल भारतीय राजनीति में ममता का नाम एक ऐसे नेता के रूप में लिया जाता है, जिन्होंने ज़मीनी संघर्ष से सत्ता के शिखर तक का सफर तय किया। उनका राजनीतिक जीवन केवल पद और सत्ता की कहानी नहीं, बल्कि



जिद, जनसंपर्क और निरंतर संघर्ष की दास्तान है। ममता बनर्जी का जन्म 5 जनवरी 1955 को हुआ। साधारण परिवार से आने वाली ममता ने कम उम्र में ही राजनीति में दिलचस्पी दिखानी शुरू कर दी थी। उन्होंने छात्र जीवन से ही सक्रिय राजनीति में भाग लिया और जल्द ही इंडियन नेशनल कांग्रेस से जुड़ गईं। 1970—80 के दशक में उन्होंने कांग्रेस के युवा चेहरों में अपनी पहचान बनाई। 1984 में उन्होंने पहली बार लोकसभा चुनाव जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। तृणमूल कांग्रेस की स्थापना ऐसे समय में हुई जब समय के साथ कांग्रेस में मतभेद बढने लगे। 1998 में ममता बनर्जी ने अलग होकर टीएमसी की स्थापना की। यह कदम उनके राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ। टीएमसी ने धीरे—धीरे पश्चिम बंगाल में अपनी पकड़ मजबूत की और वाम मोर्चे के लंबे शासन को चुनौती दी। 34 वर्षों से सत्ता में रही सरकार को 2011 में ममता बनर्जी ने सत्ता से बेदखल कर दिया। यह पश्चिम बंगाल की राजनीति में ऐतिहासिक परिवर्तन था। ममता बनर्जी राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं और उन्होंने खुद को दीदी के रूप में जनता के बीच स्थापित किया। ममता बनर्जी की राजनीति की सबसे बड़ी विशेषता उनकी सादगी और जनसंवाद है। वे अक्सर सीधे जनता के बीच जाती हैं और खुद को एक आम नागरिक के रूप में प्रस्तुत करती हैं।

उनकी सरकार ने कई सामाजिक योजनाएं शुरू कीं, जैसेकृ कन्याश्री योजना (महिला सशक्तिकरण), सबुज साथी (छात्रों के लिए साइकिल), स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में सुधार, विवाद और चुनौतियां आदि। हर बड़े नेता की तरह ममता बनर्जी का सफर भी विवादों से अछूता नहीं रहा। विपक्ष अक्सर उन पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाता है। केंद्र और राज्य के बीच टकराव भी उनकी राजनीति का हिस्सा रहा है। चुनावी हिंसा और प्रशासनिक फैसलों पर भी सवाल उठते रहे हैं। ममता बनर्जी का राजनीतिक जीवन यह साबित करता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और जनसमर्थन से असंभव भी संभव हो सकता है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की राजनीति को नई दिशा दी और खुद को राष्ट्रीय राजनीति में एक प्रभावशाली नेता के रूप में स्थापित किया। आज वे केवल एक मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि विपक्षी राजनीति की एक मजबूत आवाज भी हैंकृजो सत्ता के खिलाफ खड़े होने का साहस रखती हैं। पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिस तरह का माहौल बन रहा है, उसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनी जीत की संभावनाओं को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है। सवाल यह है कि क्या वास्तव में भाजपा पश्चिम बंगाल में सत्ता की दहलीज पार कर पाएगी, या फिर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) एक बार फिर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखेगी।

भाजपा अपने पक्ष में बनाती माहौल भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल में संगठन को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया है। बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता, केंद्रीय नेतृत्व की लगातार रैलियां और हिंदुत्व के मुद्दों को उभारने की रणनीति पार्टी को एक मजबूत चुनौतीकर्ता बना रही है। इसके अलावा, केंद्र की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने का प्रयास भी भाजपा के लिए सकारात्मक कारक बन सकता है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी को सत्ता विरोधी लहर, भ्रष्टाचार के आरोप और आंतरिक असंतोष जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बड़े नेताओं का पार्टी छोडना भी टीएमसी के लिए चिंता का विषय है। हालांकि, ममता बनर्जी की व्यक्तिगत लोकप्रियता और जमीनी पकड़ अभी भी पार्टी की सबसे बड़ी ताकत बनी हुई है। पश्चिम बंगाल में चुनाव केवल विकास के मुद्दों पर नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान के आधार पर भी लड़े जाते हैं। भाजपा जहां हिंदू वोट बैंक को एकजुट करने की कोशिश में है, वहीं टीएमसी अल्पसंख्यक और ग्रामीण वोटरों पर अपनी पकड़ बनाए रखने में जुटी है। यह कहना जल्दबाजी होगी कि भाजपा स्पष्ट रूप से जीत की ओर बढ़ रही है, लेकिन इतना जरूर है कि मुकाबला अब पहले से कहीं अधिक कांटे का हो गया है। भाजपा ने अपनी उपस्थिति को मजबूत किया है, परंतु टीएमसी को पूरी तरह कमजोर मान लेना राजनीतिक भूल होगी। पश्चिम बंगाल का चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का प्रश्न नहीं, बल्कि राज्य की राजनीतिक दिशा तय करने वाला होगा। भाजपा के लिए यह अवसर है कि वह अपनी बढ़त को जीत में बदले, जबकि टीएमसी के लिए यह अपनी साख और वर्चस्व बनाए रखने की परीक्षा है। अंतिम निर्णय जनता के हाथ में है, और वही तय करेगी कि राज्य की बागडोर किसे सौंपी जाए।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार है, समाचार पत्र व पत्रिकाओं में समसमायिक विषयों पर चिंतक, राजनीतिक विचारक है।

# मिश्रिख लॉयर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी निर्विरोध घोषित

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख, सीतापुर। तहसील मिश्रिख में अधिवक्ताओं के वार्षिक चुनाव प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच एवं वापसी का अंतिम दिन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सभी पदों के लिए प्राप्त नामांकन पत्रों की विधिवत जांच की गई। जांच एवं नामांकन वापसी के उपरांत प्रत्येक पद पर केवल एक–एक



प्रत्याशी के शेष रहने के कारण पूरी कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन घोषित कर दिया गया। निर्वाचन अधिकारी सौरभ सक्सेना एडवोकेट ने औपचारिक घोषणा करते हुए बताया कि मिश्रिख लॉयर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी सर्वसम्मति से चुनी गई है। अध्यक्ष पद पर बृजलाल, महासचिव पद पर सुधीर शुक्ल राना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद अकरम खान तथा कोषाध्यक्ष पद पर नरेंद्र प्रताप सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उपाध्यक्ष पद पर सुनील कुमार त्रिपाठी, गौरव वाजपेयी और भास्कर पांडेय चुने गए हैं। वहीं संयुक्त सचिव प्रशासनिक के पद पर ठाकुर प्रसाद, संयुक्त सचिव प्रकाशन के पद पर रजनीश कुमार तथा संयुक्त सचिव लाइब्रेरी के पद पर प्रेम प्रकाश राजवंशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसके अलावा वरिष्ठ कार्यकारिणी में पुष्पेंद्र गुप्ता, सुनील प्रताप सिंह, अभिषेक कुमार विमल, कमलेश कुमार मधुकर, जलालुद्दीन और अमीर अहमद को शामिल किया गया है। कनिष्ठ कार्यकारिणी में अजय पांडेय, विमलेंद्र कुमार त्रिपाठी, प्रशांत त्रिपाठी, आनंद यादव, इमरान अहमद और सचिन अवस्थी को निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सभी ने नई कार्यकारिणी से संगठन के हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई है।

# महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार निगम ने कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों और उनकी सुरक्षा और उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की सहायक अध्यापिका



नीता सिंह ने साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए उसके बचाव के उपायों पर विशेष जोर दिया और महिला सुरक्षा के हेल्पलाइन नंबर 1090 1076 1098 और 112 के बारे में जानकारी प्रदान की सारिका मौर्य ने नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किया सोनम ने नारी शक्ति का अवतार है गीतगया अनु विश्वकर्मा ने ना मैं हारूंगी मैं सूरज की लाली हूं। अंशिका जायसवाल ने जिम्मेदारी का भार उठाती है। नारी तनुष्का जायसवाल ने माना की मुश्किल है गीत गया विद्यालय के शिक्षक .ष्ण चंद्र द्विवेदी ने संग्राम जिंदगी है। लड़ना उसे पड़ेगा गीत से सभी का मन मोह लिया अनीता प्रीति और गौरव निगम ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता की कार्यक्रम में शैल सिंह रमेश चंद्र मिश्रा उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने कार्यक्रम की सराहना की और सभी का आभार व्यक्त किया।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर अन्नप्राशन व गोदभराई जैसे हुए कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से पोषण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विशेष पोषण कार्नर लहरपुर ब्लॉक केंद्र में बनाए गए। ये आयोजन आमतौर पर केंद्र सरकार के पोषण अभियान के तहत किए जाते हैं। ताकि माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार किया जा सके। इन कार्यक्रमों की मुख्य विशेषताएं अन्नप्राशन संस्कार यह 6 माह पूर्ण कर चुके शिशुओं के लिए आयोजित किया जाता है। इस दौरान बच्चों को पहली बार अर्ध–ठोस आहार जैसे खीर या मसली हुई दाल–चावल खिलाया



जाता है और माताओं को ऊपरी आहार की महत्ता समझाई जाती है। गर्भवती महिलाओं के लिए आयोजित इस रस्म में उन्हें पोषण पोटली भेंट की जाती है, जिसमें गुड़, चना, हरी पत्तेदार सब्जियां, फल और आयरन की गोलियां शामिल होती हैं। उन्हें गर्भावस्था के दौरान उचित देखभाल और पौष्टिक आहार की सलाह दी जाती है। सीडीपीओ सुनीता रस्तोगी ने बताया कि पोषण कार्नर, स्टॉल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रदर्शनी के माध्यम से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन करती हैं। अक्सर सतरंगी थाली (विभिन्न रंगों के पोषक तत्वों वाली थाली) और रंगोली के जरिए पोषण संबंधी जानकारी साझा की जाती है। इन सम्मेलनों में मुख्य सेविका या पर्यवेक्षकों द्वारा स्तनपान, व्यक्तिगत स्वच्छता और टीकाकरण जैसे विषयों पर संवाद किया जाता है। इस अवसर पर सुपर वाइजर आंशिक मिश्रा, अंकिता अवस्थी, राम कुमारी, आरती वर्मा, सुमन लता सहित आंगनवाणी कार्यकत्री उपस्थित रहीं।

# रायपुर कुंवरपुर में चुनावी सरगर्मी, खुली बैठक में सत्यम ने मारी बाजी

## - भारी मतों से बने नए कोटेदार

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, अटरिया। लोकतंत्र की सबसे छोटी और प्रभावी इकाई ग्राम सभा की शक्ति आज ग्राम पंचायत रायपुर कुंवरपुर में देखने को मिली। विकास खंड सिधौली के अंतर्गत आने वाले इस गांव में कोटे के चयन को लेकर आयोजित खुली बैठक किसी बड़े चुनाव से कम नजर नहीं आई। गहमागहमी और रणनीतियों के बीच आखिरकार सत्यम रावत ने अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ते हुए जीत का परचम लहरा दिया। चुनाव के मध्य तनावपूर्ण बनी स्थिति अधिकारियों ने संभाला मोर्चा मौजूद प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार चुनाव के दरमियान मध्यकालीन समय में स्थितियां तनावपूर्ण हो गई थी जिस पर विवाद की स्थितियां बढ़ने लगी थी किंतु मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों की सतर्कता और स्थानीय पुलिस की तत्परता ने स्थिति को संभाला और शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराया चुनावी बिसात नाम वापसी और समर्थन का दौर कोटे के इस चुनाव में शुरुआत में चार दिग्गजों ने अपनी दावेदारी पेश की थी, जिससे मुकाबला बेहद दिलचस्प होने की उम्मीद थी। लेकिन जैसे–जैसे चुनावी प्रक्रिया आगे बढ़ी, गांव के सियासी समीकरण बदलते गए रणनीति एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस लेते हुए सत्यम रावत को अपना समर्थन दे दिया। देखते ही देखते दूसरे प्रत्याशी ने भी अपने समर्थकों के साथ सत्यम के पक्ष में खड़े होने का फैसला किया। वहीं, पूर्व कोटेदार के पुत्र राहुल (पुत्र छोटेलाल) ने माहौल को अपने विपरीत भांपते हुए चुनाव से दूरी बना ली और अपने समर्थकों के साथ वापस लौट गए। मैदान में मुख्य रूप से दो ही चेहरे रह गए थे.सत्यम रावत और नागेंद्र रावत। नागेंद्र रावत ने



अपने समर्थकों के साथ पूरा जज्बा दिखाया, लेकिन जब मतों की गिनती हुई तो फासला काफी बड़ा निकला। नागेंद्र रावत इन्हें कुल 26 मत प्राप्त हुए। सत्यम रावत इन्होंने 370 मतों का भारी जनसमर्थन हासिल कर एकतरफा जीत दर्ज की। प्रशासनिक मुस्तैदी के बीच संपन्न हुई प्रक्रिया चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए तहसील और ब्लॉक प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। इस मौके पर मुख्य रूप से अधिकारी उपस्थित रहे चुनाव प्रभारी विशाल रावत ग्राम विकास अधिकारी प्रशासनिक अधिकारी आलोक सिंह सप्लाई इंस्पेक्टर, सिधौली और एडीओ पंचायत। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरीक्षक प्रभारी राकेश कुमार गुप्ता, उप–निरीक्षक राधेश्याम यादव, और राम मोहन सिंह अपनी टीम के साथ डटे रहे। साथ ही कोटेदार अध्यक्ष सुरेंद्र यादव की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ पूरा किया गया। सत्यम रावत की जीत के बाद उनके समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है और गांव वालों को उम्मीद है कि अब राशन वितरण प्रणाली में और अधिक पारदर्शिता आएगी।

# गन्ना मूल्य में भेदभाव बर्दाश्त नहीं, भारतीय किसान संघ ने फूंका बिगुल

## - सरकार को सौंपा पांच सूत्रीय मांग पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। भारतीय किसान संघ (अवध प्रांत) की सीतापुर इकाई ने सोमवार को गन्ना किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर हुंकार भरी। संगठन ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा, जिसमें गन्ने की विभिन्न प्रजातियों के मूल्य निर्धारण में किए जा रहे भेदभाव और किसानों की आर्थिक बदहाली पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। अगेती और रिजेक्ट के नाम पर किसानों के साथ अन्याय किसान संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में स्पष्ट किया कि दशकों से चली आ रही परंपरा के अनुसार, जब भी गन्ने का मूल्य बढ़ता था, तो वह सभी प्रजातियों (अगेती, सामान्य और अस्वी.त) के लिए समान रूप से लागू होता था लेकिन इस वर्ष सरकार का निर्णय प्रशासनिक आदेश कम और किसानों के साथ एक अन्यायपूर्ण प्रयोग अधिक प्रतीत हो रहा है। रिजेक्ट प्रजाति के गन्ने का उत्पादन अधिक और रोगरहित है, साथ ही इसमें रिकवरी (चीनी की मात्रा) भी पर्याप्त है। जब खेत, मेहनत और लागत वही है, तो मूल्य निर्धारण में भेदभाव क्यों? संघ ने सवाल उठाया कि क्या यह निर्णय किसी वैज्ञानिक शोध पर आधारित है या सिर्फ मिल प्रबंधकों की सुविधा के लिए किसानों के हितों की बलि चढ़ाई गई है? यदि किसी प्रजाति को मूल्य वृद्धि से अलग रखा जा रहा है, तो उसका वैज्ञानिक और आर्थिक आधार सार्वजनिक किया जाए। खांडसारी और कोल्हू उद्योगों के लिए समान नियम की मांग ज्ञापन में आगामी पेराई सत्र 2026–27 के लिए एक महत्वपूर्ण मांग रखी गई है। संघ का कहना है कि चीनी मिलों के साथ–साथ खांडसारी उद्योग, कोल्हू और क्रेशर का संचालन भी समानांतर रूप से किया जाए। किसानों की आर्थिक दशा सुधारने के लिए इन सभी केंद्रों पर गन्ने का समान मूल्य और सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु सरकारी आदेश जारी होना चाहिए। बाढ़ प्रभावित किसानों के लिए मुआवजे की पुकार दरियापुर और कूर जैसे क्षेत्रों में हर साल नदी के जलस्तर के कारण किसानों की गन्ने की फसल डूब जाती है। संघ ने मांग की है कि सरकार प्रभावित किसानों को उचित भरण–पोषण मुआवजा दे। अथवा नदी के किनारे की खाली पड़ी सरकारी भूमि पर किसानों को धान की खेती करने की अनुमति प्रदान की जाए। यह सिर्फ 30 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी का सवाल नहीं है, बल्कि यह किसान के स्वाभिमान, समानता



और उसके अधिकारों की बात है। सरकार हमारे धैर्य की परीक्षा न ले। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष राम सुमिरन वर्मा, जिला गन्ना प्रमुख क्षेत्रपाल सिंह, उपाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह, जिला मंत्री सरस्वती सिंह, महिला प्रमुख रेनू यादव, और गन्ना किसान प्रतिनिधि ओम प्रकाश पाण्डेय सहित भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से जगन्नाथ मिश्र, प्रकाश वंशी, रामविलास वर्मा, बनवारी लाल, अमर सिंह और निर्मला देवी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

## - मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

मछरेहटा, सीतापुर। जिले के मछरेहटा थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब बहोरनपुर गांव में एक 26 वर्षीय विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका पाया गया। इस घटना के बाद से गांव में मातम और तनाव का माहौल है। मृतका की पहचान निमिषा के रूप में हुई है, जिसकी एक वर्ष की मासूम बच्ची भी है। जानकारी के अनुसार ग्राम रसौरा थाना रामकोट निवासी संतोष कुमार की पुत्री निमिषा की शादी करीब दो वर्ष पूर्व बहोरनपुर निवासी अतुल उर्फ दीपक के साथ हुई थी। मंगलवार सुबह जब निमिषा का शव उसके ससुराल में फंदे से लटका मिला, तो इसकी सूचना फोन के जरिए उसके मायके वालों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। मृतका के बाबा छोटेलाल ने ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। शादी के बाद से ही निमिषा को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। आए दिन उसके



साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया जाता था। आरोप है कि घटना से ठीक पहले भी निमिषा के साथ मारपीट की गई थी। परिजनों ने इसे महज आत्महत्या न मानकर हत्या की साजिश बताया है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। मौके पर नायब तहसीलदार विवेक तिवारी और पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। विशाल गुप्ता क्षेत्राधिकारी ने कहा कि परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। जिसके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### एक मासूम के सिर से उठा मां का साया

इस पूरी घटना में सबसे हृदयविदारक पहलू यह है कि निमिषा की एक वर्ष की मासूम बच्ची है, जिसके सिर से मां का साया हमेशा के लिए उठ गया है। अब पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर सबकी निगाहें टिकी हैं कि यह आत्महत्या है या दहेज के लोभ में की गई हत्या।

# संकल्प से सिद्धि सुरक्षा सुशासन समृद्धि

## - बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत् समृद्धि के 9 वर्ष पूर्ण होने पर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिला अधिकारी के आदेशानुसार तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार नवरात्रि के पावन अवसर पर नवरात्रि के षष्ठम दिवस पर आज पुलिस लाइन से गाजीपुर तिराहा तक रैली निकाल कर मिशन शक्ति फेज 5.0 के दूसरे चरण का शुभारंभ किया गया। राजन कॉलेज ऑफ एजूकेशन हिकमा में महिला कल्याण विभाग की हब फॉर इंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों और छात्राओं को यह बताया गया कि नवरात्रि हमें याद दिलाती हैं कि नारी शक्ति ही राष्ट की शक्ति है नवरात्रि के पवित्र पर्व पर हम सभी बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं। मां दुर्गा के नौ रूप शक्ति, साहस और ज्ञान के प्रतीक है, जो हमारी बेटियों के भीतर की क्षमता को जागरूक करते हैं। नवरात्रि के पावन अवसर पर बेटियों को देवी स्वरूपा मानकर कन्या पूजन के माध्यम से समाज में उनके प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का यह सर्वोत्तम समय है साथ ही महिला कल्याण विभाग व शासन द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओ के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ




योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वन स्टॉप सेंटर के बारे में व समस्त टोल फ्री नंबर 181, 112, 1098, 1090, 108, 1076 के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक अर्चना राय, जेंडर स्पेशलिस्ट राखी राय व तृप्ति राय, शाहबाज अली, पुलिस विभाग, कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रदीप सिंह सहित समस्त स्टाफ तथा छात्राएं उपस्थित रही।

# नगर पंचायत सभासदों ने विधायक का जताया आभार

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। आदर्श नगर पंचायत सभासदों द्वारा नगर पंचायत गेस्ट हाउस में एक मीटिंग का आयोजन करते हुए सपा विधायक कमाल अख्तर का आभार जताया गया। जिसमे उन्होंने विधायक द्वारा 11 फरवरी को विधानसभा में सभासदों के मानदेय की आवाज उठाई थी। इस सम्बंध में सभासदों ने कहा कि यूपी सरकार इस फैसले पर विचार कर लागू करती है तो इससे नगर पंचायत में सरहानीय विकास देखने को मिलेगा।

मंगलवार की दोपहर दादा मीराजी रोड स्तिथ आदर्श नगर पंचायत सभासदों द्वारा नगर पंचायत गेस्टहाउस में एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमे नगर पंचायत सभासद फराज सिद्दीकी शाहिद खान उर्फ कालू सभासद पति सादिक सैफी सभासद राजपाल सिंह सभासद तेजपाल सभासद महन्दी हसन नम्बरदार सभासद मुख्तार आदि सभासद उपस्थित रहे। सभासदों का कहना था कि सपा विधायक कमाल अख्तर द्वारा 11 फरवरी को विधानसभा में सभासदों के वेतन मानदेय की आवाज उठाई थी। उनके द्वारा विधानसभा में मुद्दा सरहानीय है सभासदों को एक मीटिंग के लिए एक हजार रूपये दिया जाता है वो भी तब जब मीटिंग होती है जबकि प्रति महा मीटिंग नही होती और न ही मीटिंग की कोई सीमा तय है। विधानसभा में उठाये गए मुद्दे के अनुसार यदि कमसे कम दस हजार रूपये प्रतिमाह सरकार सभासदों को वेतन देती है तो यह सरकार का एतिहासिक फैसला होगा जिससे सभी नगर पंचायत में बेहतर विकास होगा।

# फर्जी गैस कनेक्शन का मामला गर्माया, डीएम से लेकर जनसुनवाई पोर्टल तक शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख, सीतापुर। तहसील क्षेत्र मिश्रिख में फर्जी गैस कनेक्शन का गंभीर मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई है। ग्राम रायपुर, विकास खंड मिश्रिख निवासी जसकरन पुत्र सुदर्शन ने कन्नौजिया गैस एजेंसी मिश्रिख पर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच एवं सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने बताया कि 10 अक्टूबर 2010 को उसके आधार नंबर का दुरुपयोग करते हुए बिना उसकी जानकारी के गैस कनेक्शन जारी कर दिया गया। वर्षों बाद जब वह अपने नाम से गैस कनेक्शन लेने के लिए एजेंसी पहुंचा और ई–केवाईसी कराने का प्रयास किया, तब एजेंसी कर्मियों द्वारा उसे बताया गया कि उसके आधार नंबर पर पहले से ही गैस कनेक्शन सक्रिय है। यह सुनकर वह हैरान रह गया। आगे जांच करने पर जानकारी मिली कि उक्त कनेक्शन इंडियन गैस एजेंसी करबला में रजिस्टर्ड दर्शाया जा रहा है, जबकि शिकायतकर्ता का कहना है कि उसने कभी वहां से गैस कनेक्शन नहीं लिया। इस पूरे प्रकरण से यह स्पष्ट होता है कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उसके आधार नंबर का गलत तरीके से इस्तेमाल कर फर्जी कनेक्शन लिया गया है। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा कि नियमों के अनुसार एक व्यक्ति के एक ही आधार नंबर पर एक से अधिक गैस कनेक्शन जारी नहीं किए जा सकते हैं। ऐसे में यह मामला सीधा–सीधा फर्जीवाड़े की ओर इशारा करता है। उसने आरोप लगाया कि एजेंसी की मिलीभगत से यह अनियमितता संभव हुई है, जिसकी गहन जांच आवश्यक है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जसकरन ने न केवल जिलाधिकारी को लिखित शिकायत दी है, बल्कि अपनी शिकायत उत्तर प्रदेश सरकार के जनसुनवाई पोर्टल पर भी दर्ज कराई है। पोर्टल पर दर्ज शिकायत का संदर्भ संख्या 40015426021793 है, जो ऊर्जा विभाग से संबंधित बताई जा रही है। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि यदि आधार जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों का दुरुपयोग इस तरह होता रहा तो आम जनता की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो जाएंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी एजेंसी और संबंधित कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस गंभीर मामले में कितनी तत्परता दिखाता है और पीड़ित को कब तक न्याय मिल पाता है।

# खजुरा के अनुज ने नेपाल में जीता स्वर्ण पदक, कैमूर का बढ़ाया मान

## – मुखिया संजय मल्होत्रा ने अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

दुर्गावती–कैमूर। कैमूर जिले के दुर्गावती प्रखंड के खजुरा गांव निवासी अनुज कुमार ने कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता 17 मार्च से 21 मार्च तक नेपाल में यूथ गेम्स डेवलपमेंट एसोसिएशन ऑफ नेपाल द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें अनुज कुमार ने नेपाल की टीम को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। अनुज कुमार, खजुरा निवासी रामबली राम के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नेपाल से स्वदेश लौटने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। अंबेडकर पार्क, खजुरा बाजार से लेकर कर्मनाशा बाजार तक ग्रामीणों ने



गाजे–बाजे के साथ जुलूस निकालकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत खजुरा के मुखिया संजय मल्होत्रा ने अनुज कुमार को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अनुज के दादा गया राम ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नाती ने गांव, जिला, राज्य और देश का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में टीम का नेतृत्व कोच धनेश शक्ति ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जितेंद्र गुर्जर (संस्थापक एवं महासचिव, यूथ गेम डेवलपमेंट फाउंडेशन भारत) तथा संतोष श्रेष्ठ (संगठन सचिव, यूथ गेम डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ नेपाल) उपस्थित रहे। कोच धनेश शक्ति ने अनुज की उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत.ष्ट प्रदर्शन करने की अपार क्षमता है। अनुज कुमार की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद | हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी | एफ.ए.जाफरी
जी.टी. रोड, फतेहपुर | सम्पादक कारवाने हक | D.R. (Opt.)
MBBS. (H) P.M.P | 9415065213 | 7379440876

# अल्तमश बने मीडिया महासंघ के अध्यक्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। भारतीय मीडिया महासंघ (संगठन) के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ता ने जनपद बाँदा के निवासी अल्तमश हुसैन को संगठन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रवीण कुमार गुप्ता ने आशा जाहिर की है कि वह संगठन की बेहतरी के लिए सहयोग करेंगे। पत्रकारों की हितों को लेकर आवाज उठाएंगे। नवमनोनित जिलाध्यक्ष अल्तमश हुसैन ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ उन्हें संगठन में जिलाध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई है। उस पर वह खरा उतरने का काम करेंगे। संगठन को जिले में विस्तारित करने के साथ साथ पत्रकारों की समस्याओं को लेकर संघर्ष का रास्ता अपनाया जाएगा। पत्रकार साथियों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# हज यात्रा की तीसरी व अंतिम किस्त 31 मार्च तक जमा होंगी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। हज कमेटी ऑफ इंडिया, भारत सरकार ने सर्कुलर 35 में हज 2026 की यात्रा के लिए दिशा–निर्देश दिए गए हैं। मुख्य हज ट्रेनर हाजी आरिफ खान हज कमेटी ऑफ इंडिया, भारत सरकार ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई द्वारा तीसरी एवं अंतिम किश्त के रूप में जमा की जाने वाली धनराशि की घोषणा कर दी है। इस धनराशि में केटरिंग की धनराशि सम्मिलित नहीं है, हज 2026 में जाने वाले प्रत्येक हज यात्री को उड़ान स्थल के बुकिंग उपरान्त प्रपत्रों के वितरण के समय एक स्मार्टवाच भी उपलब्ध करायी जाएगी। इस स्मार्टवाच में यात्री की कलई पहनना आवश्यक होगा। यह स्मार्टवाच जीपीएस कनेक्ट होगी जिससे यात्री को समस्या होने पर बटन दबाते ही सिग्नल पहुँच जाएगा सभी हज यात्रियों को उड़ान तिथि आवंटित हो चुकी है। यात्रियों को उड़ान तिथि से दो दिन पूर्व निर्धारित उड़ान स्थल पर पहुँचकर अपनी लाइट की बुकिंग कन्फर्म कराना आवश्यक होगा। हज 2026 हेतु चयनित हज यात्रियों से पासपोर्ट पहले से जमा नहीं कराये गए दो दिन पहले रिपोर्टिंग के समय प्रत्येक हज यात्री को अपना पासपोर्ट लाना आवश्यक होगा। पासपोर्ट डैमेज श्रेणी में न हो, अन्यथा यात्रा बाधित हो जायेगी। प्रत्येक हज यात्री को अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर हज सुविधा एप व नुसूक एप डाउनलोड करना अनिवार्य है। बिना नुसूक एप के मदीने में रियाजुल जन्नाह हेतु पंजीकरण संभव नहीं होगा, जिन हाजियों ने 277300 (पहली किस्त 152300 दूसरी किस्त 125000) जमा कर दी है, उन्हें अब बाकी राशि जमा करना अनिवार्य है। जिन हज यात्रियों ने कुर्बानी का विकल्प में हाँ किया हुआ है। वो 720 सऊदी रियाल के हिसाब से 17280 (720ग्24 ैते) साथ में जमा करेंगे, अंतिम तारीख। 31 मार्च 2026 है। अधिक जानकारी के लिए हाजी आरिफ खान मुख्य हज ट्रेनर हज कमेटी ऑफ इंडिया के मोबाइल नं0 9919887150 पर संपर्क करें।

# ईट भट्ठे पर मजदूर की संदिग्ध मौत

## – ट्रैक्टर से कुचलने की कहानी पर उठे सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। खानपुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर में ईंट भट्ठे के मजदूर की संदिग्ध हाल में मौत हो गई। जिसके बाद उसे सैदपुर सीएचसी लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। लाने वाले बताया कि वो ट्रैक्टर की जद में आकर घायल हो गया है। जब जांच की गई तो उसकी मौत हो चुकी थी और शरीर पर कहीं गंभीर व अधिक चोट के निशान नहीं थे।



अस्पताल प्रबंधन ने फौरन पुलिस को सूचना भेजी। इटवां रामपुर निवासी 20 वर्षीय मनोज वनवासी उर्फ निरहू पुत्र वीरेंद्र एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी का काम करता था। उसे अस्पताल लाने वाले व्यक्ति ने अस्पताल में बताया कि निरहू मिनी ट्रैक्टर पर बैठकर जा रहा था। इस बीच किसी तरह निरहू सरककर ट्रैक्टर के बीच में आ गया और कुचलकर उसकी मौत हो गई। जबकि उसकी लाश देख नहीं लग रहा था कि किसी वाहन के कुचले जाने से उसकी मौत हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। वो रोते बिलखते हुए अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक 3 बहनों का इकलौता भाई था और तीसरे नंबर पर था। अभी 2–3 सप्ताह पूर्व ही उसने भट्ठे पर काम करना शुरू किया था। इकलौते बेटे की मौत के बाद मां प्रमिला देवी सहित तीनों बहनों का रो–रोकर बुरा हाल था। इस बाबत थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अब तक तहरीर नहीं मिली है।

# पूर्व सैनिकों के प्रकरणों की एडीएम ने की समीक्षा

न्यूज वाणी ब्यूरो /गाजीपुर। जिला सैनिक बन्धु की बैठक अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 दिनेश कुमार की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। जिला सैनिक बन्धु बैठक का प्रारंभ आई सी–89357 एफ कैप्टन प्रशान्त कुमार चौरसिया जो दिनांक 22 मार्च 2026 को भैरव बटालियन में शहीद हुये हैं, को 2 मिनट का मौन व्रत रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया तत्पश्चात् विंग कमांडर मो० निशात अफजल (अ० प्रा०) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी के सम्बोधन से प्रारंभ हुआ। बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा पिछली बैठकों के आवेदन पत्रों के निस्तारण की समीक्षा की गयी। समीक्षा उपरान्त पाया गया कि जनवरी महीने तक कुल 77 आवेदन पत्र प्राप्त हुये थे। जिसमें 64 आवेदन पत्रों का निस्तारण की आख्या प्राप्त हो चुकी है। 6 प्रकरण शस्त्र एवं 7 प्रकरण दूसरे विभाग का निस्तारण लम्बित है। अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) द्वारा निर्देश दिया गया कि जिन प्रकरणों की आख्या प्राप्त नहीं हुई है, उन सारे प्रकरणों को आईजीआरएस पोर्टल पर सम्बंधित विभाग के नाम से प्रकरण दर्ज करा दिया जाय। बैठक में 11 प्रार्थना पत्र पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के द्वारा दिया गया। जिसके निस्तारण हेतु अपर जिलाधिकारी द्वारा सम्बंधित विभाग को भेजने का निर्देश दिया गया। बैठक में 55 पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित उपस्थित थे। बैठक के अन्त में सेवानिवृत्त आ० कैप्टन बब्बन राम निवासी साधोपुर के द्वारा 5वे खेलो मास्टर, राष्ट्रीय खेल 2026 जो कि चंडीगढ़ में 20 से 22 मार्च तक आयोजित किया गया उसमें 300 मीटर बाधा दौड़ एवं 4•100 रिले दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर उन्हें मेडल एवं फूलमाला से सम्मानित किया गया। बैठक का समापन जिला सैनिक बन्धु जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने अपने सम्बोधन से किया।




# सशस्त्र सीमा बल ने पशु चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। 59 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने वाइब्रेंट विलेज निधिपुरवा में लगाया पशु चिकित्सा शिविर, 123 पशुओं को मिला उपचार, सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास और स्थानीय नागरिकों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से निभाते हुए 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा द्वारा आज वाइब्रेंट विलेज निधिपुरवा में एक विशेष पशु चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर ए समवाय मुख्यालय, चितलहवा के कार्यक्षेत्र में संपन्न हुआ। शिविर का आयोजन राजकीय पशु चिकित्सालय, मिहींपूर्वा के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयप्रकाश वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, रोगों की पहचान, रोकथाम और उचित उपचार के प्रति जागरूक करना रहा। पशु चिकित्सा शाखा, 59 वीं वाहिनी एसएसबी के प्रभावी समन्वय से आयोजित इस शिविर में स्थानीय पशुपालकों को बड़ी राहत मिली। कार्यक्रम के दौरान 17 पशुपालक लाभान्वित हुए। जिनके कुल 123 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। पूरे आयोजन को अत्यंत अनुशासित, सुव्यवस्थित और जनहितकारी ढंग से संपन्न किया गया। 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल न केवल देश की सीमाओं की सुरक्षा में अग्रणी भूमिका निभा रही है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों के आर्थिक, सामाजिक और स्वास्थ्यगत उत्थान हेतु ऐसे नागरिक कल्याण कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन कर भरोसे की मजबूत मिसाल भी पेश कर रही है।

# साप्ताहिक बाजार से मोटरसाइकिल हुई चोरी

## - लिखित तहरीर के बाद भी पंजीकृत नहीं हुआ मुकदमा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाबागंज, बहराइच। सीमावर्ती थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबागंज कस्बे में लगने वाली साप्ताहिक (रविवार) बाजार से चोरों ने मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। बतातें चलें की ग्राम लक्ष्मनपुर–सलारपुर गांव निवासी मजनू पुत्र अरमान अली रविवार साप्ताहिक बाजार से सब्जी खरीदने आया हुआ था, पीड़ित ने बताया की उसने अपनी मोटरसाइकिल स्पलेंडर प्लस जिसका नंबर यूपी–40एएक्स/4366 नई बाजार स्थित धीरज मोबाइल शॉप के पास हैंडिल लॉक करके खड़ी करके बाजार सब्जी लेने चला गया पीड़ित जब थोड़ी देर बाद जब सब्जी लेकर लौटा तो वहां पर उसकी गाड़ी मौजूद नहीं मिली काफी खोज बीन करने के बाद पीड़ित ने बाबागंज चौकी पर लिखित सूचना दी चोबीस घंटे बीतने के बाद भी पुलिस द्वारा चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है जिसको लेकर पीड़ित काफी आहत एवं परेशान है। पीड़ित ने बताया की उसके पास आने जाने का मोटरसाइकिल ही मात्र एक साधन था जिस पर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। बतातें चलें कि बाबागंज साप्ताहिक बाजार से आए दिन कभी मोटरसाइकिल, एवं कभी साईकिल मोबाइल सहित अन्य सामान भी लोगों की चोरी हो चुके है लेकिन स्थानीय पुलिस के हाथ अभी भी खाली है, जिससे चोरों के हौसलें बुलंद है। इस संबंध में जब बाबागंज चौकी प्रभारी से दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने बताया की पीड़ित द्वारा तहरीर दी गई है पुलिस लगातार कल से चोरी हुई मोटरसाइकिल की खोजबीन कर रही जल्द इसका खुलासा किया जाएगा।



# गैस बुकिंग के बावजूद नहीं मिल रहा सिलेंडर, उपभोक्ताओं में आक्रोश

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। तहसील सेवराई क्षेत्र में घरेलू गैस उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस बुकिंग कराने के बावजूद समय पर सिलेंडर नहीं मिल रहा है और एजेंसियों द्वारा मनमानी की जा रही है। इस मामले में किसान नेता भानु प्रताप सिंह ने एसडीएम से मुलाकात करते हुए उन्हें शिकायती पत्र सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। दिए गए शिकायती पत्र में उन्होंने बताया कि क्षेत्र के उपभोक्ताओं के अनुसार, रामदासी इंडेन गैस एजेंसी उसिया, इमरान एचपी गैस एजेंसी गहमर, एचपी गैस एजेंसी बसूका, बारा इंडेन गैस एजेंसी बारा तथा रेवतीपुर इंडेन गैस एजेंसी सहित कई एजेंसियों पर बुकिंग के बाद भी गैस उपलब्ध नहीं हो रही है। इतना ही नहीं, उपभोक्ताओं से प्रति सिलेंडर 35 से 50 रुपये तक अतिरिक्त वसूली करने का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि एजेंसी गोदाम पर जाने के बाद भी उन्हें "गैस खत्म होने" का हवाला देकर लौटा दिया जाता है। वहीं, कुछ एजेंसियों पर उपभोक्ताओं से अभद्र व्यवहार करने की भी शिकायतें सामने आई हैं। इसके विपरीत, दिलदारनगर स्थित मधु भारत गैस एजेंसी को उपभोक्ताओं ने सराहा है, जहां समय पर और निर्धारित मूल्य पर गैस की आपूर्ति की ा रही है। हाल ही में इस एजेंसी द्वारा सेवराई ग्राम सभा में लगातार तीन दिन गैस वितरण किया गया, जिससे लोगों को राहत मिली। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि कई एजेंसियां घरेलू गैस सिलेंडर को अधिक कीमत पर रेस्टोरेंट और ढाबों को बेच रही हैं, जबकि वहां व्यावसायिक गैस का उपयोग होना चाहिए। इससे आम उपभोक्ताओं को गैस संकट का सामना करना पड़ रहा है। गांव में विशेष रूप से बुजुर्गों और महिलाओं को अधिक दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं, क्योंकि उनके पास गैस लेने के लिए बार–बार एजेंसी जाने का विकल्प नहीं है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषी गैस एजेंसियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर और उचित मूल्य पर गैस उपलब्ध हो सके। इस संबंध में एसडीएम संजय यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



# कड़े मुकाबले के बाद संतोष कुमार बने बार एसोसिएशन के महामंत्री

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। डलमऊ तहसील बार एसोसिएशन में अधिवक्ता संघ का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें कुल सात पदों पर चुनाव होना था लेकिन महामंत्री पद को छोड़ दिया जाए तो सभी पदों के प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो गए क्योंकि उनके सामने कोई सदस्य खड़ा ही नहीं हुआ। अध्यक्ष पद हेतु पहले दो पर्चे सिद्धनाथ यादव और पूर्व अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह यादव के द्वारा भरे गए लेकिन चुनाव से ठीक एक दिन पहले पूर्व अध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह यादव के द्वारा अपना पर्चा वापस ले लिया गया जिस कारण अध्यक्ष पद पर सिद्धनाथ यादव निर्विरोध निर्वाचित हो गए। शेष अन्य पदों पर कोई प्रत्याशी खड़ा ही नहीं हुआ। महामंत्री पद पर दो पर्चे भरे गए जिनमें से प्रथम पर्चा संतोष कुमार यादव के द्वारा और दूसरा पर्चा पूर्व मंत्री मनोज कुमार सिंह के द्वारा भरा गया जिस पर चुनाव संपन्न हुआ। संतोष कुमार यादव के द्वारा महामंत्री पद के दूसरे प्रत्याशी और पूर्व महामंत्री मनोज कुमार सिंह को भारी मतों से पराजित कर एक पक्षी जीत दर्ज की गई पहले तो यह मुकाबला बहुत ही कांटे का लग रहा था लेकिन जैसे–जैसे सुबह से मतदान शुरू हुआ धीरे–धीरे मुकाबला एक पक्षी होता दिखाई पड़ने लगा और अंत में संतोष कुमार यादव महामंत्री के पद पर पूर्व प्रत्याशी मनोज कुमार सिंह को भारी मतों से पराजित करके विजई घोषित हुए यह चुनाव एल्डर कमेटी के अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह एवं एवं कमेटी के अन्य सदस्य रामकुमार द्विवेदी अशोक कुमार सिंह, प्रदीप कुमार तिवारी एवं शीतल प्रसाद यादव तथा सुरेश बहादुर सिंह एडवोकेट एवं दिलीप कुमार पटेल की निगरानी में संपन्न हुआ। इस चुनाव के अवसर पर डलमऊ तहसील के अधिवक्ता शैलेश कुमार मिश्रा, महेंद्र कुमार यादव, वीरेंद्र कुमार यादव, देवेंद्र दीक्षित नरेंद्र नाथ, राधा .ष्ण चौधरी, प्रदीप कुमार तिवारी, वीरेंद्र कुमार यादव लाल बहादुर सिंह चौहान, रमेश कुमार सिंह, विजय कुमार, विक्रम यादव, राजीव कुमार श्रीवास्तव, जेबा अंसारी, अशोक कुमार सिंह, रजत त्रिपाठी, शिवशंकर श्रीवास्तव, शुभम राजपूत, सुरेश सिंह, लवकेश सिंह, बऊवा मिश्रा उर्फ महाराज आदि भारी संख्या में सम्मानित अधिवक्ता व उनके जूनियर उपस्थित है।



# मेधावियों को निःशुल्क शिक्षा दे रहा वेदांत पब्लिक स्कूल

न्यूज वाणी ब्यूरो

ऊंचाहार, रायबरेली। शिक्षा के व्यवसायीकरण के बीच ऊंचाहार का वेदांत पब्लिक स्कूल खुद में एक मिसाल है। जहां मेधावी छात्रों को मुत शिक्षा दी जाती है। मंगलवार को वेदांत पब्लिक स्कूल के 15 वे वार्षिकोत्सव एवं परीक्षा परिणाम तथा प्रतिभा सम्मान समारोह में इस अध्याय की घोषणा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. संजय भारतीय फिरोज गांधी कॉलेज एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. रवि प्रताप सिंह आयुर्वेदाचार्य, डॉ. बालेंद्र यादव एसोसिएट प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय ऊंचाहार, रवि सिंह कत्थक तथा विद्यालय के प्रबंधक हरिश्चंद्र कौशल एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अभिलाष चंद्र कौशल, मनीष कौशल, विनोद चौरसिया, शिवांशु पटेल, विजय पाल आदि गणमान्य लोगों के द्वारा दीप प्रज्जवलन तथा मां सरस्वती वंदना के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्.तिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण तथा सभी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को स्वर्गीय रामा कौशल मेमोरियल छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत पूरे वर्ष निशुल्क शिक्षा प्रदान करते हुए द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया गया। वेदांत पब्लिक स्कूल के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभिलाष चंद कौशल ने अपने उद्बोधन में बताया कि शिक्षा के व्यवसाईं करण को . ष्टिगत करते हुए वेदांत पब्लिक स्कूल में सभी छात्र–छात्राओं का प्रवेश शुल्क एवं नवीनीकरण शुल्क पूर्णतया मुक्त कर दिया है जिससे सामान्य विद्यार्थी भी अच्छी शिक्षा से वंचित न रह सके। कार्यक्रम के सफल संचालन में डायरेक्टर आर के शर्मा, प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह, अरुण त्रिपाठी, अनुराग सिंह, महिमा सिंह, श्रद्धा सिंह, प्रीति जायसवाल, अमिता मौर्य, शाजिया, गुलनाज, मोनी, शिवानी, रागिनी, नीतू, मिताली, सुरेश द्विवेदी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# कृषि व संबद्ध गतिविधियों हेतु वित्तीय योजनाओं पर हुआ व्याख्यान

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कम्युनिटी हॉल में आयोजित .षि मेलाध्गोष्ठी कार्यक्रम के दौरान श्री रंजन कुमार क्रेडिट हेड क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा .षि एवं ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न वित्तीय योजनाओं पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अपने संबोधन में श्री कुमार ने किसानों एवं उद्यमियों के लिए उपलब्ध विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने विशेष रूप से प्रकाश डाला। .षि उत्पादों के सुगम परिवहन हेतु वित्तीय सहायता, जिससे किसानों को बाजार तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित हो सके। भंडारण, कोल्ड स्टोरेज एवं .षि अवसंरचना के विकास हेतु सस्ती दरों पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। .षि आधारित उद्योगों की स्थापना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन एवं मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई गई। किसानों को त्वरित एवं सुलभ ऋण उपलब्ध कराकर खेती, पशुपालन, मत्स्य पालन आदि गतिविधियों को मजबूत करने पर बल दिया गया। श्री कुमार ने उपस्थित किसानों से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं का व्यापक लाभ निम्न दरों पर उठाएं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से किसानों की आय में वृद्धि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सु.ढ़ किया जा सकता है।




# विद्युत उपकेन्द्र में महिलाओं ने कटौती के विरोध में काटा हंगामा

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई, गाजीपुर। तहसील क्षेत्र के स्थानीय गांव में लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान महिलाओं का गुस्सा मंगलवार को खुलकर



सामने आ गया। भीषण गर्मी और उमस से त्रस्त दर्जनों महिलाएं दोपहर में एकजुट होकर विद्युत उपकेंद्र सेवराई पहुंच गई और जमकर हंगामा किया। आक्रोशित महिलाओं ने विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि वे समय से बिजली बिल जमा करती हैं, इसके बावजूद उन्हें नियमित आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। उनका आरोप है कि जर्जर केबल और पुराने तारों की वजह से आए दिन बिजली बाधित रहती है, जिससे घरेलू कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि लगातार बिजली कटौती के कारण सबसे ज्यादा दिक्कत पेयजल को लेकर हो रही है। बिजली कटौती से पानी की समस्या विकराल रूप ले रही है, जिससे घर–परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना था कि इस समस्या को लेकर कई बार तहसील मुख्यालय और संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी सिर्फ कागजी कार्रवाई पूरी कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जर्जर तारों को बदलकर नियमित बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगी। वहीं, इस मामले में बिजली विभाग के एसडीओ अमित सिंह ने बताया कि शिकायत उनके संज्ञान में आ गई है। उन्होंने संबंधित लाइनमैन को करीब 50 मीटर जर्जर तार बदलने के निर्देश दिए हैं, जिससे तत्काल आपूर्ति बहाल की जा सके। साथ ही अन्य खराब तारों को बदलने के लिए एस्टीमेट तैयार कर भेजा गया है और जल्द ही पूरी समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा।

# रूपईडीहा में सफाई व्यवस्था बहाल, हड़ताल समाप्त

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र में पिछले लगभग एक सप्ताह से सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई थी। इसके कारण कस्बे में जगह–जगह कूड़े के ढेर लग गए थे, जिससे आमजन में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया था। स्थिति से नाराज होकर सोमवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल एवं स्थानीय नागरिकों ने स्टेशन रोड पर नारेबाजी करते हुए सड़क जाम कर दिया। इस दौरान आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव, बाबू गंगा प्रताप सिंह, सभासद नरेंद्र मदेशिया, ध्रुव राज वर्मा, मनोज प्रजापति, संजय कुमार, जाकिर हुसैन, राजकुमार गुप्ता, जान मोहम्मद सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सफाई व्यवस्था को शीघ्र बहाल करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव ने सुपरवाइजर व सफाई कर्मियों को पुरानी बातों को भुलाकर नई शुरुआत करते हुए कार्य पर लौटने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी प्रकार की गलतफहमी या समस्या हो तो उसे सभासद, अधिशासी अधिकारी या नगर पंचायत अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। बैठक के सकारात्मक परिणामस्वरूप नगर पंचायत में अधिकारियों के बीच चल रहा विवाद समाप्त हो गया और हतों से बंद पड़ी सफाई व्यवस्था पुनः शुरू कर दी गई है। इससे कस्बे के लोगों ने राहत की सांस ली है।

# जनपद न्यायाधीश, डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रतिभा चौधरी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रिया राय के साथ जिला कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ–सफाई आदि का जायजा लिया। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों ने महिला एवं बाल बैरक, बैरक संख्या 10 ए,बी व सी सहित अन्य बैरकों, कारागार अस्पताल व पाकशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कारागार की साफ–सफाई व अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गयी। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान करागार अधीक्षक राजीव कुमार सिंह, जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर माधुरी तिवारी व रंजीत सिंह, चिकित्सक डॉ. अनिल वर्मा व अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

# धूं-धूंकर जले बरगद और नीम, इमलिया सुल्तानपुर में टला बड़ा हादसा

## – मौके पर पहुंची दमकल टीम ने पाया काबू

न्यूज वाणी ब्यूरो

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर। मंगलवार की दोपहर इमलिया सुल्तानपुर कस्बे में उस वक्त अफरा–तफरी मच गई, जब एक ग्रामीण के घर के बाहर खड़े दशकों पुराने नीम और बरगद के पेड़ों ने अचानक आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। हालांकि, दमकल विभाग की मुस्तैदी से एक बड़ा हादसा होते–होते बचा जानकारी के मुताबिक स्थानीय निवासी सेवक राम के घर के बाहर नीम और बरगद के दो विशालकाय पेड़ स्थित हैं। ये दोनों पेड़ आपस में इस कदर जुड़े हुए हैं कि आग एक से दूसरे में बिजली की गति से फैल गई। दोपहर के समय जब अचानक धुंआ उठा, तो ग्रामीणों ने अपने स्तर पर पानी डालकर उसे बुझाने की कोशिश की, लेकिन तेज हवा और पेड़ों की सूखी टहनियों ने आग को घी देने का काम किया। खतरे की जद में आए रिहायशी मकान आग इतनी भयानक थी कि उसकी लपटें पास के घरों की ओर बढ़ने लगी थीं। अनहोनी के डर से मोहल्ले में चीख–पुकार मच गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने तुरंत डायल 112 और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। फायर ब्रिगेड की जांबाजी से टली अनहोनी सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने बिना समय गंवाए मोर्चा संभाला और पानी की बौछारें शुरू कीं। काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते दमकल की टीम न पहुंचती, तो पूरा मोहल्ला इसकी चपेट में आ सकता था।



# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थाना सहसों क्षेत्र में पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज–5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं एवं अन्य नागरिकों को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी लोगों को विस्तार से जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने बताया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को जागरूकता पंपलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से ऐसे अभियान लगातार चलाए जा रहे।



# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना चौबिया क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्राम बरालोकपुर बैंक व करी पुलिया पर पहुंचकर महिलाओं एवं आमजन को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं एवं अन्य लोगों को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। टीम ने बताया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध या अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन एवं सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से इस प्रकार के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं, जिससे आमजन को जागरूक कर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।



# वृद्धावस्था पेंशन के लिए आधार जन्मतिथि प्रमाण मान्य नहीं

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। जिला समाज कल्याण विभाग ने वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत प्रथम बार पेंशन प्राप्त करने वाले पात्र लाभार्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल ने बताया कि निदेशालय समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार अब आधार कार्ड को जन्मतिथि के प्रमाण–पत्र के रूप में मान्य नहीं किया जाएगा। ऐसे में सभी नए पेंशन आवेदकों के लिए आवश्यक है कि वे अपने आवेदन पत्र के साथ आयु प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करें। इसके लिए परिवार, कुटुम्ब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति, शैक्षिक प्रमाण–पत्र जिसमें जन्मतिथि अंकित हो अथवा अन्य कोई वैध दस्तावेज मूल रूप में कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, ताकि अभिलेखों का सत्यापन कर पोर्टल पर सही जानकारी अपडेट की जा सके। विभाग ने सभी पात्र आवेदकों से अपील की है कि वे अपना पूर्ण आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ समाज कल्याण विभाग में शीघ्र जमा कराएं जिससे पेंशन से संबंधित कार्यवाही समयबद्ध रूप से पूरी की जा सके। यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित अभिलेख समय पर प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं और इसके कारण पेंशन प्राप्त नहीं हो पाती है, तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं संबंधित आवेदक की होगी। विभाग इसके लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शिवनाथा पत्नी स्व रामनन्द निवासी ग्राम कुरौली बुधकर मजरा शेखूपुर तहसील डलमऊ, जिला रायबरेली (उ.प्र.), उम्र लगभग 65 वर्ष, पूर्णतः स्वस्थ मस्तिष्क एवं अपने होश–हवास में यह सार्वजनिक सूचना जारी करती हूँ। मैं अपने पुत्र महेंद्र कुमार व उसकी पत्नी संजू देवी आचरण एवं व्यवहार से अत्यंत आहत व तंग होकर, काफी सोच–विचार के पश्चात यह निर्णय लेती हूँ की उपरोक्त सभी को मैं अपनी चल एवं अचल संपत्ति से तत्काल प्रभाव से बेदखल (Disown) करती हूँ। अतः आज के बाद उपरोक्त व्यक्तियों का मेरी किसी भी संपत्ति से कोई अधिकार, दावा या संबंध नहीं रहेगा। यदि उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा मेरी संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन–देन अथवा अनुचित कार्य किया जाता है, तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं उनकी होगी, जिसके लिए मैं व मेरे दो बेटे सुरेन्द्र कुमार एव राजेन्द्र कुमार . की किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं रहेगी यह सूचना जनहित में प्रकाशित की जा रही है। जिला रायबरेली दिनांक: 24/03/26 हस्ताक्षर शिवनाथा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
11 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
जाफ़री चश्में वाले
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।
कान की मशीन मात्र 450/- में
कान्टेक्ट लेंस मात्र 350/- में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

# पर्यावरण संरक्षण में लापरवाही पर सख्त रुख, बंद मिले एसटीपी पर जताई नाराजगी

## - नदी प्रदूषण, कूड़ा निस्तारण व अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला गंगा समिति, वृक्षारोपण समिति एवं पर्यावरण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में पर्यावरण संरक्षण, सीवेज प्रबंधन, ठोस एवं जैव चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण तथा नदी संरक्षण से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान नदियों में बहने वाले ठोस अपशिष्ट की रोकथाम की स्थिति पर चर्चा करते हुए करनपुरा स्थित झरना नाला से संबंधित 10.44 एवं 10.45 एमएलडी क्षमता के एसटीपी निरीक्षण में बंद पाए गए। साथ ही टिकसी नाले में अत्यधिक कूड़ा जमा होने से जल प्रवाह बाधित होने की स्थिति सामने आई। इस पर नगर निगम को तत्काल नाला साफ कराने के निर्देश दिए गए। संबंधित विभाग को एसटीपी संचालन शीघ्र सुनिश्चित करने तथा विभागीय निदेशक को पत्र भेजने के निर्देश भी दिए गए। यह भी स्पष्ट किया गया कि डीएफओ एवं समिति की अनुमति के बिना किसी भी एसटीपी ऑपरेटर में बदलाव नहीं होगा और प्रत्येक एसटीपी पर ऑपरेटर का नाम, मोबाइल नंबर व फोटो प्रदर्शित किया जाएगा। मौजा उमरैना स्थित 13.5 एमएलडी एसटीपी की खराब स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा गया



कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद संयंत्र का संचालन न होना गंभीर लापरवाही है, जिसे तत्काल दुरुस्त किया जाए। नदी किनारे कूड़ा फेंके जाने की समस्या पर चेतावनी बोर्ड लगाने और जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। यमुना किनारे ग्राम सुनवारा के पास अवैध खनन की शिकायत पर सख्त कार्रवाई करते हुए वाहनों की जब्ती और निरंतर निगरानी के निर्देश दिए गए। जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन की समीक्षा में पाया गया कि अधिकांश अस्पतालों से ग्रीन वेस्ट मैनेजमेंट, मैनपुरी द्वारा नियमित कूड़ा उठान किया जा रहा है, लेकिन पक्का बाग स्थित आदर्श पैथोलॉजी से 3 मार्च के बाद कूड़ा नहीं उठाया गया। इस पर संबंधित संस्था को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सिद्धार्थ हॉस्पिटल, .ष्णा नगरय दीप हॉस्पिटल, .ष्णा नगर तथा डॉ. लाल पैथलैब्स, पक्का बाग में बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन की लॉग बुक नहीं पाई गई, जिस पर तीन दिन के भीतर प्रशिक्षण लेकर अभिलेखों का संधारण सुनिश्चित करने को कहा गया। नगर निकायों के एमआरएफ केंद्रों की समीक्षा में सभी केंद्रों को सक्रिय रखने और कूड़े का वैज्ञानिक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बकेवर व भरथना के एमआरएफ केंद्रों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने तथा लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कचौरा व सुनवारा बाईपास पर पड़े कूड़े को तत्काल हटाने और सड़क किनारे वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए गए। बकेवर–भरथना मार्ग पर कूड़ा न फैलने देने के लिए विशेष निगरानी रखने को कहा गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि समस्त कूड़ा एमआरएफ केंद्रों पर ही डाला जाए और अगली बैठक तक व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त कर ली जाएं। वृक्षारोपण की समीक्षा में गुणवत्तापूर्ण पौधों का चयन कर नगर व नदी किनारे रोपण कराने तथा लोक निर्माण विभाग को ट्री–गार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, डीएफओ विकास नायक, अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्र, श्याम बचन सरोज सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला सशक्तिकरण व जनकल्याण योजनाओं की प्रदर्शनी आयोजित

## - मंत्री ने किया विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ, लाभार्थियों को बाटे प्रमाण-पत्र व टेबलेट

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में विभिन्न विभागों की लाभार्थीपरक योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु प्रदर्शनी व उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इससे पूर्व मंत्री द्वारा जिला अस्पताल (टीबी अस्पताल) का निरीक्षण किया गया, जहां विश्व क्षय रोग दिवस के अंतर्गत टीबी मुक्त व्यक्तियों को प्रमाण–पत्र, प्रतीक चिन्ह, निश्चय पोषण किट एवं पोटली वितरित की गई। इसके पश्चात कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया गया। विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया और योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने पर जोर दिया। साथ ही गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम भी आयोजित कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस दौरान महिला सशक्तिकरण पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है तथा पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने पीएम राहत योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश देते हुए बताया कि दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के उपचार हेतु निर्धारित अस्पतालों में 1.5 लाख रुपये तक का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाता है। साथ ही महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 1090 के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया। मंत्री ने नागरिकों से पॉलीथिन का उपयोग बंद करने, पौधारोपण करने, जल संरक्षण अपनाने तथा प्रत्येक घर में तुलसी का पौधा लगाने की अपील की। स्वच्छता बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधान में कहा कि जनपद में शासन के निर्देशानुसार जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, जिससे पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का अधिकाधिक लाभ मिल सके। कार्यक्रम में नव निर्माण के नौ वर्ष विकास पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। अंत में मंत्री द्वारा पात्र लाभार्थियों को टेबलेट वितरित किए गए। युवाओं को डिजिटल सशक्तिकरण के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रशस्ती पत्र एवं चेक वितरित किए गए तथा मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक सरिता भदौरिया, जिलाध्यक्ष भाजपा अन्नू गुप्ता, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे। इसके पश्चात मंत्री द्वारा पंचनद कैफे कुनैरा का उद्घाटन भी किया गया।



# बाल विवाह उन्मूलन पर दिया जोर, महिलाओं को किया जागरूक

## - विधिक जागरूकता अभियान में अधिकारों व योजनाओं की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। ब्लॉक सभागार में आयोजित विधिक जागरूकता अभियान के तहत बाल



विवाह उन्मूलन को प्रमुखता देते हुए महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आरती द्विवेदी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजीविका का अधिकार प्रत्येक महिला का मौलिक अधिकार है, जिसके माध्यम से वे सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसका लाभ उठाकर महिलाएं सशक्त बन सकती हैं। साथ ही महिलाओं से समाज में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा कि जब महिलाएं आगे बढ़ेंगी तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। कार्यक्रम में बताया गया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। इसके लिए कॉलेज, स्कूल, सरकारी कार्यालयों के साथ–साथ ग्राम स्तर पर भी पॉश कमेटियों का गठन किया जाएगा, जहां महिलाएं अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगी और उनकी निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी। आरती द्विवेदी ने विशेष रूप से बाल विवाह और बाल श्रम जैसी कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने पर जोर देते हुए कहा कि यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अपील की कि ऐसी किसी भी घटना की जानकारी मिलने पर टोल फ्री नंबर 15100 पर शिकायत दर्ज कराएं, शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की आशा योजना अवेयरनेस, सपोर्ट, हेल्प और एक्शन के तहत बाल विवाह उन्मूलन के प्रयासों की भी जानकारी दी। तहसीलदार नेहा सचान ने बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखते हुए शिक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि महिलाओं का शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि मां ही बच्चे की पहली गुरु होती है। माय भारत की उपनिदेशक सोनिका चंद्रा ने बेटियों की शिक्षा पर बल देते हुए कम उम्र में विवाह को गलत परंपरा बताया और इसे समाप्त करने की अपील की। कार्यक्रम से पूर्व तहसील का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान बीडीओ मनोज कुमार, स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह, अधिकार मित्र कुमारी नीरज, ऋषभ पाठक, रामसुंदर दुबे, लालमन बाथम, राजेंद्र सिंह सहित आंगनवाड़ी कार्यकत्री, एएनएम और आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# नव निर्माण के नौ वर्ष पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित

## - मिशन शक्तिके तहत पुलिस ने दी सुरक्षा व साइबर जागरूकता की जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वार्षिक पुस्तक नवनिर्माण के 09 वर्ष का भव्य विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग धर्मवीर प्रजापति तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक सरिता भदौरिया उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं क्षेत्राधिकारी लाइन्स आयुषी सिंह ने महिला सशक्तिकरण, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, साइबर जागरूकता एवं आमजन की सहभागिता पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया। पुलिस ने मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, हेल्पलाइन नंबर 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा यूपी–112 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया। साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में छात्र–छात्राओं एवं महिलाओं को बताया गया कि वे अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड, ओटीपी और सीवीवी की जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति से साझा न करें। साथ ही फर्जी कॉल, लुभावने ऑफर और संदिग्ध निवेश योजनाओं से सतर्क रहने की सलाह दी गई। साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करने एवं ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महिला चिकित्सकों, समाजसेवियों, अधिवक्ताओं, शिक्षिकाओं, छात्राओं एवं महिला रिक्रूट आरक्षि ों की सक्रिय सहभागिता रही। विभिन्न क्षेत्रों में उत. ष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



# सड़क हादसे में पांच श्रद्धालुओं की मौत, गांव में छाया शोक

## – मंत्री व जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर जताई संवेदना, परिजनों को बंधाया ढांढस

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। नगला बर, इकदिल निवासी श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो गाड़ी गुरुवार रात आगरा जनपद के थाना चित्राहाट क्षेत्र के बाह–कचौरा घाट मार्ग पर पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि इसमें पूर्व फौजी पिता–पुत्र समेत पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि बोलेरो में सवार सभी श्रद्धालु राजस्थान स्थित माता कैला देवी के दर्शन कर लौट रहे थे। दुर्घटना में कामता प्रसाद, देवेंद्र सिंह, सीमा देवी, आराध्या व ऋषि की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दुःखद घटना की सूचना पर उत्तर प्रदेश सरकार में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री व जनपद प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता नगला बर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मिले और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने पीड़ित परिवारों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य रखने का संबल दिया। इस दौरान पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, भाजपा नेता विमल भदौरिया, जिला महामंत्री सतेंद्र राजपूत, हरनाथ कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष .पाणारायण तिवारी, बासु चौधरी, अमित तिवारी, जिला मंत्री आयुषराज, प्रीति दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चंबल ब्रिज पर पुलिस की सतर्कता से बची वृद्ध महिला की जान

## – मिशन शक्ति टीम ने काउंसलिंग कर सुरक्षित परिजनों को सौंपा

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। पुलिस की तत्परता और सूझबूझ से एक वृद्ध महिला की जान बचा ली गई। थाना बढ़पुरा क्षेत्र में चंबल ब्रिज पर पिकेट ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों ने आत्महत्या का प्रयास कर रही महिला को सुरक्षित बचा लिया। ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल अजीत सिंह एवं आरक्षी राहुल शर्मा की नजर एक वृद्ध महिला पर पड़ी, जो ऑटो से उतरकर चंबल नदी में कूदने का प्रयास कर रही थी। पुलिस कर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए महिला को दौड़कर पकड़ लिया और सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद थाना बढ़पुरा की मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला की काउंसलिंग की गई। पूछताछ में महिला ने अपना नाम रामादेवी उम्र लगभग 65 वर्ष निवासी ग्राम नाहर बनी बदाकुर, थाना फूप, जिला भिंड मध्य प्रदेश बताया। महिला ने पारिवारिक कारणों से परेशान होकर आत्महत्या का प्रयास करने की बात कही। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महिला के परिजनों को सूचना दी और उसके पुत्र को मौके पर बुलाया। आवश्यक पुष्टि के बाद महिला को सकुशल उसके पुत्र के सुपुर्द कर दिया गया। घटना स्थल पर मौजूद लोगों एवं महिला के परिजनों ने इटावा पुलिस की इस मानवीय एवं सराहनीय कार्रवाई की प्रशंसा की। पुलिस ने अपील की है कि किसी भी प्रकार की मानसिक परेशानी या संकट की स्थिति में आत्मघाती कदम न उठाएं, बल्कि अपने परिजनों या नजदीकी पुलिस से संपर्क करें। इटावा पुलिस सदैव सहायता के लिए तत्पर है।

# अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में छात्रों ने दिखवाया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## – सर मदन लाल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने बढ़ाया संस्थान का मान

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। सर मदन लाल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं वैज्ञानिक प्रस्तुतियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा, ज्ञान एवं शोध क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। बी.फार्म के छात्र शिखर दीक्षित ने छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा आयोजित द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उत.ष्ट प्रदर्शन करते हुए ओरल प्रेजेंटेशन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की क्विज प्रतियोगिता में 9 वीं रैंक हासिल की। एआई आधारित माइक्रोबायोलॉजिकल डायग्नोसिस विषय पर उनका शोध प्रस्तुतिकरण विशेषज्ञों द्वारा विशेष रूप से सराहा गया। इस सम्मेलन में ओरल प्रेजेंटेशन में 100 से अधिक प्रतिभागियों तथा क्विज प्रतियोगिता में 1000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसी क्रम में बी.फार्म की छात्रा गौरी पाठक, शांभवी एवं छात्र उत्कर्ष गुप्ता ने एक्सिस इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रेजेंटेशन के माध्यम से उत.ष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रशंसा प्राप्त की। उनके शोध कार्यों को विशेषज्ञों एवं शिक्षाविदों द्वारा सराहा गया। संस्थान के निदेशक डॉ. यू.एस. शर्मा ने कहा कि छात्रों की यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। संस्थान में उपलब्ध बेहतर शैक्षणिक वातावरण और मार्गदर्शन से विद्यार्थी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। चेयरमैन डॉ. विवेक यादव ने भी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोधपरक माहौल को दर्शाती है तथा भविष्य में भी छात्र इसी प्रकार सफलता प्राप्त करेंगे। संस्थान परिवार ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अन्य विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

## सड़क हादसों में दो महिलाओं समेत तीन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के दरौटा लालपुर निवासी चुनकई लाल की 50 वर्षीय पत्नी ध्यान देवी अपने पुत्र विमल के साथ बाइक से रिष्तेदारी में जा रही थी। जब वह रिंद नदी के समीप पहुंची तभी अचानक चलती बाइक से गिरकर घायल हो गई। इसी प्रकार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सरैला गांव निवासी कृश्ण किषोर का 33 वर्षीय पुत्र संदीप बाइक से किसी काम से जा रहा था। जब वह मलवां थाना क्षेत्र के ढोढ़ियाही के समीप एनएच–2 पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। उधर कल्यानपुर थाना क्षेत्र के करनपुर गांव निवासी राजू की 38 वर्शीय पत्नी सरोज ई–रिक्षा में बैठकर सामान लेने जा रही थी। तभी मुरादीपुर के समीप एनएच–2 में पीछे से आ रहे ट्रक ने ई–रिक्षा में टक्कर मार दिया। जिससे महिला समेत दो घायल हो गई। सूचना पाकर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार दो की मौत

### - हादसे में एक घायल, इलाज जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। धाता थाना क्षेत्र के ग्राम नरसिंहपुर कबरहा के पास सोमवार की देर षाम ट्रक की चपेट में आ जाने से बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए धाता सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने दो को मृत घोशित कर दिया। वहीं तीसरे का इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के जमोटी का डेरा मजरे मटिहा गांव निवासी रामसुमेर का 19 वर्शीय पुत्र अनुज सिंह अपने साथी सुनील व जय सिंह पुत्र बृजेष सिंह 22 निवासी जयचन्द्रपुर थाना थरियांव के साथ बाइक से धाता थाने के हिनौता गांव जा रहे थे। जैसे ही ये लोग कबरहा के समीप पहुंचे तभी तेज रतार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे तीनों बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल सीएचसी पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने अनुज सिंह व जय सिंह को मृत घोशित कर दिया। वहीं सुनील का इलाज किया जा रहा है। उधर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार जीजा-साले की मौत, महिला घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। कानपुर–प्रयागराज नेशनल हाईवे पर मलवां थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज पुल पर सोमवार रात को अनियंत्रित तेज रतार कार और बाइक में सीधे भिड़ंत हो गई। बाइक सवार गंभीर घायल जीजा और साला की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर देख कानपुर के लाला लाजपतराय राय हास्पिटल को रिफर किया गया है। जानकारी के अनुसार कानपुर शहर के थाना किदवई नगर क्षेत्र के मोहल्ला जूही कालोनी निवासी साबिर (35) पुत्र राजू उनकी पत्नी हुस्ना (30) और साला महफूज (17) पुत्र मोहम्मद फतेहपुर के पीरनपुर में शादी समारोह में आये थे। वें बाइक से वापस कानपुर जा रहे थे तभी मलवां ओवरब्रिज पुल में हादसे का शिकार हो गए। कार और बाइक की सीधी भिड़ंत में साबिर उसके साला महफूज की मौत हो गई। जबकि गंभीर घायल हुस्ना को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर के हैलट अस्पताल को रिफर किया गया। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने दो की मौत होने की पुष्टि की है। दुर्घटना की जानकारी शादी समारोह के लोगों को हुई तो कोहराम मच गया, अस्पताल में लोग एकत्र होने लगे। पुलिस ने मृतक परिजनों को जानकारी देते हुए वाहन की तलाश शुरू कर दिया है।

## जिला कारागार में निरुद्ध बंदी की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जिला कारागार में तीन वर्शों से निरूध्द बंदी 75 वर्शीय वृद्ध की अचानक तबियत खराब होने पर मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को उसका पोस्टमार्टम कराया। बताते चलें कि सुल्तानपुर घोश थाना क्षेत्र के कुंवरपुर मजरे कूंधन गांव निवासी षिवमंगल का पुत्र कल्लू पासवान उर्फ ष्यामलाल 2023 में हत्या के एक मामले में जिला कारागार में निरूध्द था। बताते हैं कि सोमवार की षाम अचानक उसकी तबियत खराब हो गई। जेल प्रषासन उसे तत्काल लेकर जिला चिकित्सालय लाए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोशित कर दिया। वहीं मृतक के पुत्र रामजीत ने बताया कि पिता की हालत ठीक नहीं रहती थी। जिसके कारण उनकी मौत हो गई।

## युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, रेफर

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के सरांय मीना षाह में मंगलवार की सुबह परिजनों से लड़कर 20 वर्शीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार सरांय मीना षाह गांव निवासी धनीराम का पुत्र संदीप ने मंगलवार की सुबह परिजनों से लड़ने के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। घटना की जानकारी संदीप के मित्र बबलू ने दी है।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अफोई के समीप मंगलवार की दोपहर 25 वर्शीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ऐलई गांव निवासी छेद्दू पासवान का पुत्र बुधराज पासवान सोमवार की दोपहर घर से निकल गया था और गांव से लगभग तीन किलोमीटर दूर अफोई गांव के पास मंगलवार की दोपहर बबूल के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। तत्काल परिजन मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई रामबाबू ने बताया कि तीन वर्शों से उसके भाई का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। काफी इलाज करवाया, कोई लाभ न मिलने पर भाई ने घटना को अंजाम दे डाला।

## प्रबोध मॉड्यूल लांच, अब बदलेगी कक्षा की तस्वीर

### - डीएम ने शिक्षकों को दिया मिशन 2024 का मंत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को



शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रबोध प्रशिक्षण मॉड्यूल का लोकार्पण जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम डायट के मुंशी प्रेमचंद सभागार में आयोजित तीन दिवसीय आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण के दौरान संपन्न हुआ, जो परख परिणाम 2024 पर केंद्रित है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने मॉड्यूल का अवलोकन करने के बाद संपादक एवं लेखक मंडल के साथ इसका विधिवत विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मॉड्यूल कक्षा शिक्षण में ठोस सुधार लाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने विष्वास जताया कि शिक्षक परख 2024 के निष्कर्षों के अनुरूप नई शिक्षण रणनीतियां अपनाकर विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने डायट के इस प्रयास की सराहना करते हुए प्रशिक्षण को पूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ संपन्न करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण प्रभारी एवं प्रभारी प्राचार्य विनय कुमार मिश्र ने मॉड्यूल की संरचना एवं उद्देश्य की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। बताया गया कि प्रबोध मॉड्यूल का निर्माण प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक आरती गुप्ता के नेतृत्व में किया गया है, जबकि इसका संपादन एवं समन्वयन विनय कुमार मिश्र द्वारा किया गया है। इस अवसर पर एडीएम अवनीश त्रिपाठी, जयचन्द्र पांडेय, राधेश्याम दीक्षित, कौशल कुमार अंकुर, सौम्या तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अनुशासन व सेवा भावना के साथ संपन्न हुआ शिविर का दूसरा दिन

### - प्राइमरी स्कूल गढ़वा का स्वयंसेवकों ने किया भ्रमण

### - स्वयंसेवकों ने व्यापक स्तर पर चलाया स्वच्छता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डॉ भीमराव अंबेडकर महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं सेवा भावना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार यादव के संरक्षण व कार्यक्रम अधिकारी डॉ लक्ष्मीना भारती के कुशल निर्देशन में आयोजित किया गया। स्वयंसेवकों में विशेष ऊर्जा एवं समाज के प्रति सेवा का भाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। दिवस की शुरुआत प्रातःकालीन सभा के साथ हुई। जिसमें स्वयंसेवकों को अनुशासन, समय प्रबंधन एवं टीम वर्क के महत्व के बारे में बताया गया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों को विभिन्न समूहों में विभाजित कर निर्धारित कार्यों के लिए भेजा गया। द्वितीय दिवस की प्रमुख गतिविधि के




अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्राइमरी स्कूल गढ़वा का भ्रमण किया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। दोपहर के सत्र में एक प्रभावशाली बौद्धिक व्याख्यान (इंटेलेक्चुअल सेशन) आयोजित किया गया। इस सत्र में असिस्टेंट प्रोफेसर जूलॉजी डॉ राजकुमार ने जल संरक्षण का महत्व एवं उपाय विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने आपसी सहयोग, अनुशासन एवं समर्पण का उत्.ष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ लक्ष्मीना भारती ने सभी स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज सेवा की भावना को विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवकों को आगे भी इसी प्रकार समाज के हित में कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। अंत में सभी स्वयंसेवकों द्वारा दिनभर की गतिविधियों की समीक्षा की गई। आगामी दिवस की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। द्वितीय दिवस का यह आयोजन न केवल सफल रहा, बल्कि स्वयंसेवकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक भी सिद्ध हुआ।

## स्टालों के माध्यम से जनमानस को दी योजनाओं की जानकारी

### - विश्व क्षय रोग दिवस पर 32 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार में अभूतपूर्व विकास एवं शतत समृद्धि के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नौ दिवसीय



मेले के सातवे दिन आईटीआई परिसर में महिला कल्याण विभाग, .षि विभाग, उद्योग, आयुष विभाग, दिव्यांग, पशुपालन, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, सूचना विभाग, सिंचाई, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास, बैंक आदि विभागों के स्टालों के माध्यम से आम जनमानस ने योजनाओं की जानकारी ली। जिसमें महिला कल्याण विभाग की टीम ने प्रतिभाग करते हुए जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनमानस को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वन स्टॉप सेंटर एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। जिला सूचना कार्यालय द्वारा प्रदेश सरकार के नौ वर्ष में किए गए अभूतपूर्व किये गए विकास कार्यों की स्टैंडी की प्रदर्शनी लगाई गई। आम जन मानस में आकर्षण का केंद्र रही और नागरिकों ने देखा और सराहा। उधर सम्पूर्णता अभियान 2.0 के अन्तर्गत विष्व क्षयरोग दिवस का आयोजन आईटीआई सभागार में किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त पंचायत के अन्तर्गत जनपद में टीबी मुक्त घोषित होने वाली 32 ग्राम पंचायतों के प्रधान को राष्ट्रपिता की प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें विगत तीन वर्षों से लगातार टीबी मुक्त घोषित होने वाली अमौली ब्लाक की मानेपुर ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान को सोने की रंग की प्रतिमा, विगत दो वर्षों से से लगातार टीबी मुक्त घोषित होने वाली धाता ब्लाक की सैदपुर पंचमयी, मलवां ब्लाक की बरौरी, असोथर ब्लाक की गढ़ी, देवमयी ब्लाक की लाला बक्सरा एवं खजुहा ब्लाक की सराय ग्राम पंचायतों के प्रधान को चाँदी की रंग की प्रतिमा एवं शेष 26 प्रथम बार टीबी मुक्त घोषित होने वाली ग्राम पंचायतों के प्रधान को कास्य की रंग की प्रतिमा से सम्मानित किया गया। विगत वर्ष राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग करने वाले विभागाध्यक्ष, जिला पंचायत राज अधिकारी फतेहपुर, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक शेषमणी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० राजीव नयन गिरि, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा० राजेश कुमार, समस्त एसीएमओ, उपमुख्य चिकित्साधिकारी, अधीक्षक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, एआरओ एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

## व्यापार बंधु की बैठक में खानापूर्ति किए जाने का मढ़ा आरोप

### - अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। व्यापार बंधु की बैठक में खानापूर्ति किए जाने का आरोप लगाते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में बताया कि व्यापार बंधु की बैठक नियमित न होने के कारण व्यापारी वर्ग कई प्रकार की समस्याओं से जूझते रहते हैं और उनका मानसिक, षारीरिक व आर्थिक षोशण होता है। व्यापारी सुरक्षा प्रकोश्ठ की बैठक में वास्तव में मात्र खानापूर्ति है। बैठक की गुणवत्ता बेहद खराब है। बैठक में नगर पालिका, मुख्य थानों व चौकी प्रभारी यदाकदा ही आते हैं। जिससे मुख्य व्यापारिक समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाता। गांधी सभागार, विकास भवन, कोतवाली व थानों में होने वाली सामाजिक बैठकों की सूचना अधीनस्थों द्वारा नहीं दी जाती, जबकि इस संदर्भ में डीएम कार्यालय के साथ–साथ सीओ



गौरव षर्मा को भी पूर्व में अवगत कराया जा चुका है। बताया कि षहर में फैले अतिक्रमण के संदर्भ में पालिका ईओ व अपर जिलाधि ाकारी के साथ चार माह पहले गांधी सभागार में बैठक हुई थी और कार्य योजना बनी थी। जो आज तक मात्र योजना बनकर ही रह गई है, कोई कार्रवाई नहीं हुई। ज्वालागंज स्थित बस स्टाप से बसों का संचालन अंदर से हो इसको लेकर अधीनस्थों को कई बार अवगत कराया गया, परन्तु पूरा सरकारी तंत्र बसों का संचालन अंदर से कराने में अक्षम है। व्यापार मंडल की बैठक में प्रत्येक संगठन से मात्र पांच व्यापारी/पदाधिकारी को ही बैठक में भाग लेने की अनुमति दें जिससे अनावष्यक लोगों की भीड़ न होने पाए और बैठक सुचारू रूप से चल सके। मांग किया कि सभी बिंदुओं को संज्ञान में लेकर अधीनस्थों को उचित दिषा–निर्देष जारी किए जाएं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बृजेष सोनी, विनोद गुप्त, रज्जन गुप्त, संजय गुप्ता, संजय जौहरी, विनोद चंदेल, मो0 आसिफ एडवोकेट, दीपू सिंह, मो0 मुकीम, अलीम आदि मौजूद रहे।

## गांजा तस्करी से करोड़पति बन चुके नेता जी विधायक बनने की चाहत में

### –बड़े नेताओं के साथ फोटो पार्टी के लिए बन सकती मुसीबत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गांजा तस्करी से करोड़पति बन चुके एक नेता जी बिन्दकी विधानसभा में सक्रियता दिखाकर विधायक बनने का सपना देख रहे है। पार्टी के बड़े नेताओ के साथ फोटो खिंचवाकर वायरल करते है ताकि प्रशासन व पुलिस के लोग उन पर हाथ न डाल सके। सूत्रो का कहना है कि नेता जी अपने विधानसभा क्षेत्र में नाना प्रकार से पीड़ित व गरीब लोगों की मदद कर सोशल मीडिया में सुर्खिया बटोर रहे है। सूत्र यह भी कहते है कि सोशल मीडिया में सुर्खिया बटोरने के लिए धन भी खर्च कर रहे है। बताते चले कि पिछले दो साल से सक्रिय हुये यह नेता जी पहले दूसरे दल में थे और अब सपा का झंडा उठाये क्षेत्र में सक्रियता दिखा रहे है। विभिन्न अवसरो पर नगद धनराशि बाटनें में भी नेता जी अपने को अगले पायदान पर ही खड़ा कर रहे है। सूत्रो का कहना है कि यह नेता जी लखनऊ से लेकर दिल्ली तक बड़े नेताओ के साथ फोटो खिंचवाकर अपनी पकड़ का अहसास कराने के लिए वायरल भी करते है। अब देखना यह होगा कि पार्टी इन पर भरोसा करती है या फिर आने वाले विधानसभा चुनाव में दशको से जुड़े और पार्टी के लिए संघर्श करने वालो को मैदान में उतारती है। उधर यह भी चर्चा है कि यदि नेता जी के काले कारनामों का भंडाफोड़ हुआ तो विरोधी दल संरक्षण देने का ढिंढोरा पीटने से पीछे नही हटेंगे।

## जिला सैनिक बंधु की बैठक अब 27 को

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी अवकाष प्राप्त कर्नल दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक कल (आज) बारह बजे अपरान्ह कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी थी जिसे जिलाधिकारी के आदेशानुसार संशोधित कर 27 मार्च को बारह बजे अपरान्ह कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की जाएगी। बैठक में पूर्व सैनिक उपस्थित हों। बैठक में सैनिकों एवं दिवंगत सैनिकों की पत्नियों की समस्याओं व शिकायतों पर विचारविर्मश कर निस्तारण किया जायेगा।

## संपूर्ण समाधान दिवस स्टाम्प चोरी की शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। संपूर्ण समाधान दिवस में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कार्यक्रम का आयोजन तहसील परिसर में किया गया। जहां विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। लोगों ने बिजली, सड़क, जलापूर्ति, राजस्व और पुलिस से संबंधित शिकायतें दर्ज कराईं। शिकायतकर्ता ताराचंद्र पांडेय ने एक प्रार्थना पत्र में बताया गया कि एक जमीन लिखवाई में एक कारोबारी ने भारी स्टाम्प चोरी की है। जो जनहित में नहीं है। सड़क निर्माण कार्य अधूरा है, जिससे आवागमन में काफी दिक्कतें हो रही हैं। वहीं कुछ ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति बाधित रहने और पेयजल संकट की समस्या भी उठाई। संबंधित अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए और जल्द समाधान का आष्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए। इसके लिए सभी विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, लंबित मामलों की समीक्षा कर उन्हें शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया गया। समाधान दिवस के अंत में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी शिकायत को नजरंदाज नहीं किया जाएगा और सभी समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

## निःशुल्क कोचिंग का लाभ उठाएं छात्र-छात्राएं

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी अवनीश कुमार यादव ने बताया कि जनपद में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित कोचिंग में परीक्षा तैयारी हेतु आगामी 01 अप्रैल से तहसील बिंदकी मुख्यालय के अन्तर्गत दयानंद इंटर कालेज में निःशुल्क कक्षाएं संचालित की जाएंगी। जिसमें मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी विद्यार्थियों को यूपीएससी, यूपीपीसीएस तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाएं यूपी टेट, एसएससी, उप्र पुलिस, यूपीएसएसएससी इत्यादि की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग का संचालन किया जायेगा। ऐसे प्रतिभाशाली एवं उत्साही छात्र–छात्राएं जिनके पास प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु पर्याप्त साधन नहीं है उनके लिए प्रदेष सरकार द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग योजना के माध्यम से सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। इच्छुक छात्र–छात्राएं राजकीय पुस्तकालय आबूनगर व जिला समाज कल्याण अधिकारी के कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में सम्पर्क कर यथाशीघ्र लाभ उठायें।

## युवक को सर्प ने डसा, भर्ती

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसारा में मंगलवार की भोर घर में सो रहे 23 वर्शीय युवक को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कुसारा गांव निवासी मोतीलाल का पुत्र दिनेष कुमार अपने कमरे में सो रहा था। तभी भोर पहर लगभग साढ़े चार बजे जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने उसकी हालत में सुधार बताया।

## पिंक रोजगार मेले में 46 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत पिंक रोजगार मेला का आयोजन मंगलवार को राजकीय महिला महाविद्यालय बिंदकी में किया गया। रोजगार मेले में 120 अभ्यर्थिनियों ने प्रतिभाग किया। मेले में जनपद स्तर की प्राइम कनेक्ट सर्विसेज फतेहपुर द्वारा 17, पुखराज हेलथकेयर द्वारा 21 एवं भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा 08 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस प्रकार कुल 46 योग्य अभ्यर्थियों के लिये चयन सम्बन्धी कार्यवाही की गयी। जिसमें कम्पनियों द्वारा 9000 से 15500 तक प्रतिमाह वेतन पर चयन सम्बन्धी कार्यवाही की गयी। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या महाविद्यालय प्रोफेसर सपना पाण्डेय के दिशा–निर्देशन में प्रभारी प्लेसमेंट शशॉक पान्डेय एवं महाविद्यालय की प्लेसमेन्ट प्रभारी डा. अनुभा श्रीवास्तव द्वारा सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय परिवार ने सहयोग प्रदान किया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )